▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 114
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़

राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

ब्रीफ न्यूज

अयोध्या, काशी और मथुरा में बम धमाकों की धमकी

अयोध्या। उप्र में दिवाली के दौरान अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में बम धमाके करने की



धमकी से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अयोध्या कोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर स्लेटर जॉन्सन के नाम से धमकी भरा मेल भेजा गया। इसमें 8 नवंबर को काली दिवाली मनाने और 27 नवंबर तक धमाके करने की चेतावनी दी गई है। मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे हैं।

आईटी विभाग की निगरानी करेंगे अब वरिष्ठ अधिकारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग में उठे विवाद के बाद अब नए आदेश के तहत डीजी (आईटी) सीमा खन्ना को अब सीनियर डिप्टी इलेक्शन



कमिश्नर पवन कुमार शर्मा के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत करनी होंगी। साथ ही आईटी और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विभाग पर वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी व्यवस्था फिर बहाल हो गई है।

» अंदर विशेष

▪ झुंझुनूं में सरपंच चुनाव में लाठी-डंडे चले,1 की मौतः चित्तौड़गढ़ में 2 पक्ष भिड़े, लाठीचार्ज

...पढ़े पेज 2 पर

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अंबाला में किया आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का उद्घाटन

2029 में भाजपा वोट मांगने जाएगी, तो पार्टी अपने घोषणा पत्र में वादों-गारंटियों को पूरा करके जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हरियाणा में जब वर्ष 2029 में भाजपा जनता के बीच वोट मांगने जाएगी, तब पार्टी अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों और गारंटियों को पूरा करके जाएगी। शाह ने अंबाला में आयोजित आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीद स्मारक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जहां 10 मई, 1857 को क्रांतिवीरों ने अंग्रेजों के शासन के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फुंका था और उनकी एक शुरुआत पूरे देशभर में देखते ही देखते आग बनकर फैल गई थी।

पूरी दुनिया देखकर आश्चर्यचकित रह गई थी कि जिस अंग्रेजी सरकार का सूर्य कहीं डूबता नहीं था, उसकी नींव हिलाकर रखने वाला वो 1857 का स्वतंत्रता संग्राम, जिस अंबाला की भूमि पर शुरू हुआ, उसे मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। इस मौके पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, भाजपा हरियाणा की प्रभारी स्मृति ईरानी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता भी उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजियत से प्रेरित, वामपंथी विचारधारा वाले इतिहासकारों ने एक विद्रोह का नाम दिया। विद्रोह शब्द है अंग्रेजों के लिए। वीर सावरकर ने सच कहा था कि क्रांति हम सब भारत माता की संतानों के लिए विद्रोह नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम है।

1260 करोड़ रुपए की लागत के नेशनल हाईवे-152जी जलबेहड़ा शाहबाद खंड का किया लोकार्पण



हरियाणा की सभी प्रकार की कलाओं को संजोने का अद्भुत प्रयास हुआ

उन्होंने कहा कि सन 1857 से लेकर 1947 तक का 90 साल का यह महान संघर्ष,जिसमें अनेक शहीदों ने सर्वस्व बलिदान दिया, तब जाकर हमें आजादी मिली। उन्होंने इस स्मारक के निर्माण के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी के विशेष प्रयासों से यह विराट शहीद स्मारक आज बनकर तैयार हुआ है। शाह ने कहा कि हरियाणा की इसी भूमि पर आज 22 एकड़ भूमि पर 23 गैलरियों के साथ सन 1857 की क्रांति का अद्भुत स्मारक बना है। स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से, होलोग्राफी और इंटरएक्टिव प्रोटेक्शन के साथ दस्तावेज और हरियाणा की सभी प्रकार की कलाओं को संजोने का एक अद्भुत प्रयास हुआ है। फुलकारी और सरकंडा की शिल्पकला और 2500 की सीटिंग कैपेसिटी वाला ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो से हमें वापस 1857 में ले जाने की व्यवस्था के साथ यह स्मारक 1857 की क्रांति, बलिदान और सम्मान को जागृत करने वाला एक ऊर्जावान स्थान बना है।

मातृ शक्ति को 50% नेतृत्व

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर 1260 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नेशनल हाइवे -152 जी जलबेड़-शाहबाद खंड का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति बनाकर, तबादला उद्योग को हरियाणा से अगर किसी ने निकाला तो भारतीय जनता पार्टी ने निकाला। पंचायतों में मातृ शक्ति को 50 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व देने की शुरुआत भी हरियाणा में हुई।

एशियाई पैरा गेम्स



30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य लेकर लौटे 97 खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

बोले- पैरा एथलीट ने फिर दिखा दिया हौसलों से संभव है सबसे ऊंची उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जापान में इस बार आयोजित किए गए एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के 97 पैरा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जापान के आइची-नागोया पहुंचे थे। भारतीय टीम ने इस दौरान 114 पदक जीते, जो अब तक के एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय इतिहास का सबसे ज्यादा है। इनमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

» पीएम मोदी ने इतिहास रचने वाली इस टीम से गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुलाकात की

भारत खेल में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा

भारतीय पैरा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के बाद जापान से लौटी भारतीय टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। बातचीत के बीच पीएम मोदी ने एक ऐसी लाइन कही, जिससे पैरा खिलाड़ियों का मन गदगद हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से मिलने का बेसब्री से इंतजार था। उन्हें बहुत खुशी है कि वे पैरा एशियाई खिलाड़ियों से मुलाकात कर रहे हैं। पैरा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पता चलता है कि भारत खेल के क्षेत्र में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यासः दुनिया में सबसे ज्यादा गोल किए

वर्ल्ड कप का सपना अधूरा रहा, 18 में शुरुआत, 41 की उम्र में लिया संन्यास, 234 मैचों में 146 गोल दागे



नई दिल्ली। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। उनके नाम 46 असिस्ट भी दर्ज हैं। असिस्ट का मतलब है गोल करने वाले खिलाड़ी को आखिरी पास देना।

रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रिकॉर्ड और ट्रॉफियां याद नहीं आतीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफर को खास बनाया। रोनाल्डो ने 2006 में जर्मनी में अपना पहला वर्ल्ड कप खेला था। इसके बाद वह 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026 के टूर्नामेंट में भी पुर्तगाल की टीम का हिस्सा रहे। इस तरह उन्होंने लगातार 6 वर्ल्ड कप खेले। वह छह अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने। इन टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 27 मैच खेले और 11 गोल किए। 2026 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ गोल करके उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि, उनका वर्ल्ड कप जीतने का सपना अधूरा ही रह गया। टीम का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2006 में रहा, जब वह सेमीफाइनल तक पहुंची और चौथे स्थान पर रही।

जम्मू-कश्मीर में उमर सरकार गिरने का खतरा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सीएम उमर अब्दुल्ला की सरकार गिर सकती है। 25 नाराज विधायकों ने उमर और पार्टी प्रेसिडेंट फारूक अब्दुल्ला को मांगें पूरी करने के लिए अल्टीमेटम दे दिया है। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे श्रीनगर में विधायकों के साथ उमर और फारूक की बैठक होगी। अगर विधायकों की मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो सभी आज ही विधायकी से इस्तीफा दे सकते हैं। विधायकों ने सीएम के सलाहकार नासिर सोगमी को पद से हटाने, डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी से सड़क निर्माण विभाग वापस लेने या उन्हें पद से हटाने और सरकार के लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच जैसी मांगें रखी हैं।

धनतेरस पर आज बाजारों में होगी धनवर्षा

जयपुर। शुक्रवार को देशभर में धनतेरस का पर्व मनेगा। पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है। इस दिन बाजारों में भी धनवर्षा होगी। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में पूजा और खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और झाड़ू खरीदने की परंपरा है। वहीं, शाम को यमराज के नाम से दीपदान किया जाता है। अगर आप भी आज धनतेरस की पूजा करने जा रहे हैं तो जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजा सामग्री, पूजा का सही क्रम, घर में 7 दीये रखने की जगह, खरीदारी के नियम और यम दीपदान की पूरी विधि।



आज पूजा का शुभ मुहूर्त

धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर की पूजा प्रदोष काल में करना शुभ माना जाता है। सुबह 10:30 बजे से त्रयोदशी तिथि शुरू होगी। शाम 5:33 से 8:09 बजे तक प्रदोष काल रहेगा। वहीं शाम 6:02 से 7:57 बजे तक पूजा का शुभ मुहूर्त है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की 50 साल में सबसे बड़ी हार, सरकार अपनी थी, चुनाव लड़ने के लिए रिकॉर्ड पैसा

वॉशिंगटन डीसी। रिपब्लिकन पार्टी के करीब 25 चुनावी रणनीतिकार एक वीडियो कॉल पर जुड़े थे। बातचीत की शुरुआत ही साइनाइड (जहर) की गोली से हुई। पार्टी के लिए चुनावी सर्वे करने वाले टोनी फैब्रिजियो ने पूछा, ''आप पहले सफेद गोली (अच्छी खबर) लेना चाहेंगे या काली (बुरी खबर)?'' इसके बाद रिपब्लिकन पार्टी के बड़े डेटा सलाहकारों में से एक टिम सेलर ने चुनाव के दो संभावित नतीजे बताए। पहला ये कि पार्टी के प्रचार के लिए जुटाए गए 40 करोड़ डॉलर का फंड सही वोटर्स तक पहुंच रहा है और लोग वोट देने भी आ रहे हैं। दूसरा नतीजा पार्टी की करारी हार को लेकर था। पार्टी की चुनावी कमान संभाल रहे जेम्स ब्लेयर ने हंसते हुए कहा, ''मैंने अपने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। मेरा सुझाव है कि आप सब भी ऐसा ही करें।'' उनकी बात सुनकर बाकी लोग हंसने लगे। करीब 30 मिनट तक कॉल पर ऐसे ही निराशा भरे मजाक चलते रहे। इसमें जेल का खाना खाने, राष्ट्रपति से माफी मिलने और देश छोड़कर भागने की बातें भी हुईं। नेतन्याहू का जिक्र करते हुए ब्लेयर ने तंज में कहा, "कम से कम बीबी जीत गए। वह हमारी रक्षा करेंगे।'' इस पर फैब्रिजियो ने कहा, ''हां शायद हमें इजराइल में शरण मिल सकती है।

चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ट्रम्प सोचने लगे थे कि अगर कुछ फैसले नहीं लिए गए होते तो क्या होता। उनसे बातचीत करने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक, ट्रम्प ने पूछा भी था, ''अगर हम ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू ही नहीं करते, तो मिडटर्म चुनाव में क्या होता?'' ईरान युद्ध ने लोगों को बहुत नाराज किया क्योंकि ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव प्रचार में वादा किया था कि अमेरिका कोई नया युद्ध शुरू नहीं करेगा।

डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन की 7 सीटें छीनीं

एक साल पहले किसी को अंदाजा नहीं होगा कि रिपब्लिकन पार्टी की इतनी बड़ी हार होगी। पार्टी के पास चुनाव लड़ने के लिए रिकॉर्ड पैसा था। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क का साथ था। उन्होंने इस चुनाव में राष्ट्रपति चुनाव से भी ज्यादा पैसा लुटाया। सीनेट चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी की स्थिति मजबूत थी। चुनावी समीकरण ऐसे थे कि डेमोक्रेट्स को उन राज्यों में मुकाबला करना पड़ रहा था, जहां वे दशकों से नहीं जीते थे। हाउस चुनाव में ट्रम्प ने अपना बहुमत बढ़ाने के लिए एक और दांव चला। अमेरिका में आमतौर पर हर 10 साल में चुनावी क्षेत्रों की सीमाएं बदली जाती हैं। लेकिन ट्रम्प की टीम ने इस परंपरा को तोड़ते हुए बीच दशक में ही सीमाएं बदलने की कोशिश की। मकसद था ऐसे नए चुनावी क्षेत्र बनाना, जहां रिपब्लिकन उम्मीदवारों की जीत आसान हो जाए। इन तमाम कोशिशों के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इसे पिछले 50 साल में पार्टी की सबसे बड़ी चुनावी हार में से एक माना जा रहा है।





पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के मीडिया सलाहकार की पत्नी सरपंच बनीं: विधायक की चाची ने जीता चुनाव; काउंटिंग कर रहे मतदानकर्मी को आया हार्ट अटैक

ज़ूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे फेज में आज उपसरपंचों के लिए वोटिंग होगी। गुरुवार को 3716 ग्राम पंचायत में पंच-सरपंच के लिए वोटिंग हुई। देर रात तक इनके रिजल्ट घोषित हुए। देवली (टोंक) से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के मीडिया सलाहकार महेंद्र भारद्वाज की पत्नी सरपंच का चुनाव जीती हैं। उन्होंने गुरुवार रात को आए नतीजों में देवली (टोंक) से जीत दर्ज की। शोभा ने विपक्षी मंजू को 124 वोट से हराया। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की चाची टम्मा कंवर ने भी सरपंच का चुनाव जीता है। वहीं, भरतपुर के बयाना की ग्राम पंचायत दर्र बराहना में काउंटिंग को लेकर विवाद हो गया। विपक्षी कैंडिडेट के समर्थक ने कम वोट गिनने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। दौसा की सिकराय पंचायत समिति क्षेत्र की गनीपुर ग्राम पंचायत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर धर्म सिंह मीणा की पत्नी मौसम मीणा सरपंच का चुनाव जीतीं। राजस्थान की सबसे छोटी ग्राम पंचायत बीसलपुर (टोंक) नौसर देवी भील पहली सरपंच बनीं। उनको 151 वोट मिले। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीना देवी मीणा को 93 वोटों के अंतर से हराया। बीसलपुर पंचायत में कुल 294 मतदाता है। चित्तौड़गढ़ जिले के भदेसर पंचायत समिति के आक्या गांव में चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की चाची टम्मा कंवर भी सरंपच का चुनाव जीती हैं। वहीं, मंडफिया से श्री सांवलिया मंदिर के पूर्व चेयरमैन कन्हैया लाल वैष्णव के बेटे राजकुमार वैष्णव जीते।

बयाना में एक वोट से जीतने पर हुआ विवाद

भरतपुर जिले की बयाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दर्र बराहना में काउंटिंग के दौरान विवाद हो गया। दो बार हुई काउंटिंग में विमला कुमारी को एक वोट से विजेता घोषित किया गया। मगर प्रतिद्वंदी उम्मीदवार और उनके समर्थकों ने 3 वोट कम गिनने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। बयाना एसडीएम अलका श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंची। इसके बाद दर्र बराहना ग्राम पंचायत की काउंटिंग बयाना एसडीएम कार्यालय में कराने का निर्णय लिया गया।



▪ टोंक जिले की देवली पंचायत समिति की राजमहल ग्राम पंचायत में चुनाव के दौरान मतदान कर्मी मोहम्मद लुकमान को हार्ट अटैक आ गया। उन्हें तुरंत देवली उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

नायब तहसीलदार की पत्नी सरपंच का चुनाव हारीं, सांचौर विधायक के पीए की मां सरपंच बनीं

जालोर जिले की चितलवाना पंचायत समिति की कुंभिया ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव में छगनलाल भील ने जीत दर्ज की है। उन्होंने नायब तहसीलदार विरमाराम की पत्नी उगम देवी को 13 वोटों से हराया। सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी के निजी सचिव (पीए) डॉ. नरसीराम चौधरी की मां वेजी देवी डबाल गांव से सरपंच का चुनाव जीत गईं। समर्थकों ने पीए को कंधों पर बैठा लिया।

▪ **दौसा में मतपेटी की सील टूटी मिलने पर हंगामा:** दौसा के बड़ोली पोलिंग बूथ पर हंगामा हो गया। मतपेटी की सील टूटी हुई मिलने का आरोप लगाया। भीड़ जुट गई।

▪ **नारकोटिक्स अफसर की पत्नी सरपंच बनीं:** दौसा की सिकराय पंचायत समिति क्षेत्र की गनीपुर ग्राम पंचायत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी धर्म सिंह मीणा की पत्नी मौसम मीणा सरपंच का चुनाव जीतीं।

▪ **उदयपुर में जीत पर समर्थकों ने डांस किया:** उदयपुर जिले के कल्याणपुर ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर कन्हैयालाल अहारी चुनाव जीते। उनके समर्थकों ने डांस कर जीत का जश्न मनाया।



चित्तौड़गढ़ जिले की अड़ाना पंचायत में 16 नवंबर को दोबारा होगा पंच का चुनाव

चित्तौड़गढ़ में भदेसर पंचायत समिति की पंचदेवला ग्राम पंचायत से नारायण भील पुत्र बालूराम भील निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए। राशमी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अड़ाना के वार्ड संख्या 3 में पंच पद के लिए चौथे चरण में 16 नवंबर को पुनर्मतदान होगा। 17 नवंबर को सुबह 10 बजे इसी स्थान पर उपसरपंच पद का चुनाव होगा। मतदान के दौरान मतपत्र में एक प्रत्याशी का नाम अंकित नहीं होने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने पुनर्मतदान के आदेश जारी किए हैं।

राजस्थान की सबसे छोटी ग्राम पंचायत की सरपंच बनीं नौसर देवी

राजस्थान की सबसे छोटी ग्राम पंचायत बीसलपुर (टोंक) को पहली सरपंच मिल गई। यहां से नौसर देवी भील ने चुनाव जीता। उनको 151 वोट मिले। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीना देवी मीणा को 93 वोटों के अंतर से हराया। बीसलपुर पंचायत में कुल 294 मतदाता है।



ब्रीफ न्यूज़

प्रेमसुख के दमदार प्रदर्शन से राजस्थान बना जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियन



ज़ूम न्यूज़ • बीकानेर

पटना में 1 से 4 नवम्बर तक आयोजित 52वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को फाइनल में 50-44 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। इस ऐतिहासिक जीत में बीकानेर के खिलाड़ी प्रेमसुख ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजस्थान ने प्री-क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश, क्वार्टर फाइनल में बिहार और सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराकर फाइनल में जगह बनाई। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि राजस्थान टीम का चयन बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर किया गया था। जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित संघ के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने प्रेमसुख को बधाई देते हुए इसे बीकानेर के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

बीकानेर में 25 मेधावी छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क NEET-JEE कोचिंग

ज़ूम न्यूज़ • बीकानेर

स्टार एक्सीलेंट एकेडमी की स्व. सुशील पंचारिया बालिका प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को जिला कलेक्टर निशांत जैन ने किया। योजना के तहत राजकीय विद्यालयों की 25 मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को प्रतिवर्ष NEET-JEE की निःशुल्क तैयारी करवाई जाएगी। पात्रता के लिए कक्षा 10वीं या 12वीं में न्यूनतम 85 प्रतिशत अंक तथा परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से कम होना आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने इसे बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली सराहनीय पहल बताया। एकेडमी निदेशक डॉ. राहुल पंचारिया ने बताया कि योजना स्व. सुशील पंचारिया की स्मृति में शुरू की गई है। योजना का उद्घाटन समारोह 6 नवंबर को नया शहर थाने के पास स्थित एकेडमी परिसर में होगा।

सरदारशहर; किरायेदार के गांव जाते ही मकान के ताले तोड़कर चोरी

ज़ूम न्यूज़ • सरदारशहर

शहर के वार्ड नंबर 20 में मंजू माताजी मंदिर के पास रिद्धि-सिद्धि अस्पताल के नजदीक एक मकान में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात, 75 हजार रुपए नकद, तीन मोबाइल और स्कूटी चोरी कर ली। बुधवार सुबह मोहल्ले के लोगों की सूचना पर वारदात का पता चला। पुलिस को दी रिपोर्ट में सुनील सैनी निवासी वार्ड नंबर 20 ने बताया कि उनकी बहन भावना और बहनोई अंकित सैनी बेंगलुरु में रहते हैं। उनका मकान महावीर जाट निवासी भावलदेसर को किराए पर दिया हुआ था। किरायेदार 3 नवंबर को परिवार सहित गांव चला गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के ताले तोड़कर अलमारी और संदूक में रखा सामान चोरी कर लिया।

सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले गए चोर

रिपोर्ट के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने का हार, अंगूठी, चांदी की तीन जोड़ी पायजेब, 15 से 20 चांदी के सिक्के, कुछ टूटी चांदी, तीन मोबाइल फोन और 75 हजार रुपए नकद शामिल हैं। इसके अलावा मकान का पट्टा, बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर की चाबी और स्कूटी नंबर RJ 10 SN 7105 भी चोरी होने की बात कही गई है। परिवादी ने मकान के बाहर मोटरसाइकिल नंबर RJ 10 SJ 3275 खड़ी मिलने की जानकारी देते हुए उसे संदिग्ध बताया है। उन्होंने पुलिस से मामला दर्ज कर चोरी हुए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

झुंझुनूं में सरपंच चुनाव में लाठी-डंडे चले,1 की मौत: चित्तौड़गढ़ में 2 पक्ष भिड़े, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा; सीकर में फर्जी वोटर को ग्रामीणों ने पीटा

ज़ूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे फेज में आज सरपंच के 3716 और वार्ड पंच के 34,218 पदों के लिए वोटिंग हुई। देर रात तक नतीजे घोषित हुए। दौसा की सिकराय पंचायत समिति क्षेत्र की गनीपुर ग्राम पंचायत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी धर्म सिंह मीणा की पत्नी मौसम मीणा सरपंच का चुनाव जीतीं। राजस्थान की सबसे छोटी ग्राम पंचायत बीसलपुर (टोंक) नौसर देवी भील पहली सरपंच बनीं। उनको 151 वोट मिले। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीना देवी मीणा को 93 वोटों के अंतर से हराया। बीसलपुर पंचायत में कुल 294 मतदाता है। इससे पहले झुंझुनूं में नवलगढ़ के देलसर गांव में सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों में लाठी-डंडे चले। इसमें पंजाब के होशियारपुर निवासी युवक की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए।

चित्तौड़गढ़ के बस्सी में 2 पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ के खदेड़ा। बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल चौबे ने आरोप लगाया कि सरपंच प्रत्याशी अनीता जागेटिया के समर्थकों ने मेरे ऊपर पत्थर फेंका, जिसके कारण सिर फूट गया। सीकर जिले के सामी गांव में मतदान के बीच गांव से निकल रही एक गाड़ी पर ग्रामीणों ने पत्थर फेंक दिए। इस घटना के बाद माहौल गर्मा गया। सूचना पर पुलिस टीम और धोद SDM राहुल मल्होत्रा मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली।



स्कॉर्पियो से स्टंटबाजी करने वाला युवक पकड़ा: आरोपी ने हाथ जोड़ मांगी माफी

तेज रफ्तार में सड़क पर दौड़ाई थी गाड़ी

ज़ूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर में बुधवार देर रात सड़क पर स्कॉर्पियो से स्टंटबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की पकड़ में आने के बाद युवक ने गलती स्वीकार करते हुए हाथ जोड़कर माफी मांगी। जवाहर सर्किल थाना इलाके में उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय की तरफ जाने वाली रोड पर स्कॉर्पियो सवार युवक ने तेज रफ्तार में गाड़ी को उल्टा-सीधा दौड़ाते हुए स्टंटबाजी की थी। इस दौरान सड़क पर चल रहे कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गए थे। लोगों ने स्टंट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

युवक ने कहा- वह स्कॉर्पियो से स्टंट कर रहा था और गाड़ी को उल्टे-सीधे तरीके से चला रहा था। जयपुर पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। वह अपनी गलती के लिए माफी मांगता है और भविष्य में ऐसा नहीं करने के साथ यातायात नियमों का पालन करने का वादा करता है।

पुलिस के अनुसार- स्कॉर्पियो ड्राइवर यश कुमार मीणा (22) निवासी जेवियर आर्केड सेकंड चैनपुरा जगतपुरा को पकड़ा है। जवाहर सर्किल थानाधिकारी मुकेशचंद गुर्जर ने बताया कि स्टंटबाजी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो की पहचान की और युवक को डिटेन किया।



स्टंटबाजी से वाहन हादसे का शिकार होने से बचे

जवाहर सर्किल इलाके में स्कॉर्पियो ड्राइवर ने सड़क पर खतरनाक तरीके से गाड़ी दौड़ाई थी। इस दौरान आसपास से गुजर रहे कई वाहन उसकी चपेट में आने से बच गए थे। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे वाहन ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी

रोडवेज के 10 हजार कर्मचारियों को मिलेगा दिवाली बोनस

ज़ूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान रोडवेज के लगभग 10 हजार (9 हजार 400) कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस मिलेगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) के चेयरमैन ने कर्मचारियों को बोनस और एक्सग्रेशिया (Ex-gratia) देने की मंजूरी दी है। इसके तहत 21 हजार रुपए तक मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों को बोनस और इससे अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों को एक्सग्रेशिया दिया जाएगा।

रोडवेज कर्मचारी संगठनों की ओर से लंबे समय से दिवाली पर बोनस और एक्सग्रेशिया देने की मांग की जा रही थी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया था। ज्ञापन में बताया गया था कि निगम की स्थापना से लेकर पूर्व के सालों तक राज्य सरकार के आदेशों के अनुरूप कर्मचारियों को दिवाली पर एक्सग्रेशिया दिया जाता रहा है, लेकिन 3 साल से निगम में घाटे का हवाला देकर इसका भुगतान नहीं किया गया।

कच्चा बस स्टैंड रेहड़ी विवाद: हाईकोर्ट में सुनवाई टली, अब 3 सप्ताह बाद होगी अगली सुनवाई

ज़ूम न्यूज़ • सरदारशहर

कच्चा बस स्टैंड पर रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग को लेकर चल रहा विवाद अभी जारी है। मामले में गुरुवार को जोधपुर हाईकोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। इससे रेहड़ी संचालकों, दुकानदारों और प्रशासन की नजरें कोर्ट के आगामी आदेश पर टिकी हैं। मामले में 24 सितंबर 2026 को जारी स्थगन आदेश को पहले ही चार सप्ताह के लिए बढ़ाया जा चुका है। अब अंतरिम राहत और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर स्थिति अगली सुनवाई के बाद स्पष्ट होने की उम्मीद है।

कानूनी पहलुओं पर पक्ष रखने की तैयारी

मामले से जुड़े एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के अनुसार, प्रकरण में कई महत्वपूर्ण कानूनी पहलू और दस्तावेज हैं, जिन्हें न्यायालय के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कुछ कानूनी कमियां होने का दावा किया, लेकिन फिलहाल उनका खुलासा करने से इनकार किया। विवाद में कच्चा बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदारों के कथित अतिक्रमण का मुद्दा भी शामिल है। पिछली न्यायिक कार्यवाही में इस संबंध में जवाब मांगे जाने की बात सामने आई थी। लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडरों को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। अब तीन सप्ताह बाद होने वाली सुनवाई में रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग, कथित अतिक्रमण और प्रशासनिक कार्रवाई से जुड़े मुद्दों पर आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

प्रदेश में आबू सबसे ठंडा, बाड़मेर सबसे गर्म: अगले एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम, कई इलाकों में तेज धूप निकली

ज़ूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान के मौसम में दिन गर्म और रात ठंडी होने लगी है। शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हो रहा है। गुरुवार को सबसे ज्यादा ठंडा इलाका माउंट आबू रहा, जबकि सबसे गर्म बाड़मेर रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। जिसमें दिन का तापमान सामान्य से ऊपर जबकि रात का पारा सामान्य के आसपास दर्ज होने और बारिश कम होने की संभावना जताई है।

माउंट में सबसे ठंडी रात

हिल स्टेशन माउंट आबू गुरुवार को राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां रात का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आबू के बाद फतेहपुर में 12.5, सिरोही में 13.4, सीकर में 13.2, उदयपुर में 14.4, नागौर में 14.1 और चित्तौड़गढ़ में 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



अब आगे क्या?

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान दिनभर धूप रहने और कुछ शहरों के अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है।

शहरों में मौसम का हाल

जयपुर: गुरुवार को भी दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। दिन में हल्की गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने जयपुर में अगले 5-7 दिन मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

उदयपुर: मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में धूप तेज हो गई है, जबकि रात में ठंडक बढ़ गई है। गुरुवार को उदयपुर का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अलवर: नवंबर के पहले सप्ताह में मौसम का मिजाज सामान्य बना हुआ है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का असर महसूस होने लगा है, जबकि दोपहर में धूप निकलने के बावजूद गर्मी का खास असर नहीं दिख रहा। अधिकतम तापमान करीब 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कोटा: गुरुवार को दिन के तापमान में 1 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। दिनभर आसमान साफ रहा, हल्की धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

एसजेएम गर्ल्स कॉलेज में दिवाली कार्निवल की धूम, छात्राओं को किया प्रेरित



जूम न्यूज • जयपुर

संत जयाचार्य गर्ल्स कॉलेज में दीपावली के उपलक्ष्य में भव्य दिवाली कार्निवल कम एग्जीबिशन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फर्स्ट इंडिया न्यूज़ की एंकर सुश्री आयुषी मेहरशी उपस्थित रहीं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा शर्मा ने मुख्य अतिथि सुश्री आयुषी मेहरशी का पुष्पगुच्छ व स्मृति-चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया। वे वर्ष 2016 में इसी कॉलेज की छात्रा रह चुकी हैं। अपने ही महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उनका आगमन कॉलेज परिवार के लिए गर्व का क्षण रहा। आयुषी मेहरशी ने छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए और बड़े सपने देखने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने व मेहनत से लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्निवल में छात्राओं ने रचनात्मक प्रोजेक्ट्स, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं, व्यंजनों व विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए। संस्था अध्यक्ष शासन सचिव डॉ. नरेश कुमार मेहता, प्राचार्या डॉ. मनीषा शर्मा, कॉलेज कन्वीनर साधना जी एसजेटी स्कूल के प्राचार्य संजय गंगवाल स्कूल कन्वीनर मीनल भंडारी सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

मुरलीपुरा में 8 नवंबर को होगी काली पूजा

जूम न्यूज • जयपुर

मुरलीपुरा में काली पूजा समिति की ओर से दीपावली पर 8 नवंबर को मां काली की पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष विद्युत बनर्जी ने बताया कि वर्ष 1984 से लगातार पिछले 42 वर्षों से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। 8 नवंबर की रात विधि-विधान से मां काली की पूजा होगी। इसके बाद 9 नवंबर को प्रसादी वितरण, खेलकूद प्रतियोगिताएं और शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 11 नवंबर को मां काली की मिट्टी की प्रतिमा का आकेड़ा डूंगर स्थित जलाशय में विसर्जन किया जाएगा।

राजस्थान विवि में यूजी के 7वें सेमेस्टर में एडमिशन शुरू

जूम न्यूज • जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत पहली बार ग्रेजुएशन के चतुर्थ वर्ष यानी सातवें सेमेस्टर में प्रवेश दिए जा रहे हैं। इच्छुक छात्र 11 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश के लिए राजस्थान, कॉमर्स, महाराजा और महारानी कॉलेज में फैकल्टी के अनुसार आवेदन करना होगा। संबद्ध कॉलेजों के छात्र भी इन संघटक कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन से पहले मेजर और माइनर विषय चुनने होंगे। पहली प्रवेश सूची 14 नवंबर को जारी होने की संभावना है। सरकारी कॉलेजों में 12 नवंबर तक पोस्ट ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। 600 में से 217 सरकारी कॉलेजों में पीजी कोर्स संचालित हैं।

सृष्टि शर्मा को पीएचडी की उपाधि

जूम न्यूज • जयपुर



बनस्थली विद्यापीठ, निवाई द्वारा सृष्टि शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोधकार्य "डबल कॉन्शसनेस और एम्बिवेलेंस इन आइडेंटिटी फॉर्मेशनः अ स्टडी ऑफ सेलेक्टेड इंडियन डायस्पोरिक नॉवेल्स" विषय पर पूर्ण किया।उन्होंने यह शोधकार्य डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया।

IIT और आईसीएमआर मिलकर बनाएंगे एआई बेस्ड जांच-उपकरण

जोधपुर में शुरू हुआ रिसर्च; 10 स्वदेशी उपकरण के सैंपल होंगे तैयार

जूम न्यूज • जोधपुर



ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर-एनआईएचआर) जोधपुर ने संयुक्त अनुसंधान केंद्र शुरू किया है। इसके तहत एआई बेस्ट 10 तरह के स्वदेशी जांच उपकरण विकसित किए जाएंगे। इनसे ईसीजी, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, एचबीए1सी और डब्ल्यूबीसीसमेत अन्य जरूरी जांच कम लागत में हो सकेगभ्।

केंद्र का शुभारंभ आईसीएमआर-एनआईएचआर के निदेशक प्रो. (डॉ.) पंकज भारद्वाज और आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने किया। विकसित उपकरणों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप डिजिटल स्वास्थ्य मंच से जोड़ा जाएगा, जो इंटरनेट के बिना भी काम कर सकेगा। इंटरनेट उपलब्ध होने पर जांच रिपोर्ट डिजिटल रिकॉर्ड में अपडेट होगी। इतना ही नहीं एआई डॉक्टरों को जांच और ट्रीटमेंट संबंधी गाइडेंस में सहायता करेगा लेकिन अंतिम निर्णय डॉक्टर्स का ही होगा। केंद्र के तहत 10 उपकरणों के सैंपल तैयार करने की प्लानिंग है। इनमें से पांच से छह उपकरण क्षेत्र में उपयोग के लिए तैयार होंगे। कार्यक्रम में डॉ. सुमित कालरा, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी जोधपुर और डॉ. रमेश कुमार हुड्डा, वैज्ञानिक-डी, आईसीएमआर-एनआईएचआर ने केंद्र का उद्देश्य और कार्ययोजना प्रस्तुत की।

इलाज में लापरवाही, किडनी की नस कटी, 2 डॉक्टरों पर केस

जूम न्यूज • जोधपुर

इलाज में लापरवाही को लेकर दो डॉक्टरों पर इस्तगासे के जरिये केस दर्ज कराया गया है। नागौर के भवाद निवासी पीड़ित विकास शर्मा ने सरकारी व प्राइवेट हास्पिटल के डॉक्टरों के खिलाफ यह केस किया है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में दर्ज केस में आरोप लगाया कि दिसंबर-2018 वे एमडीएम अस्पताल में यूरोलॉजिस्ट से मिले तो उन्होंने निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने की सलाह दी। वे निजी अस्पताल गए। वहां ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से उनकी किडनी की नस काट दी। वे 22 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहे, पर हालत में सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ने पर एम्स भेज दिया, जहां ऑपरेशन किया गया। करीब दो साल बाद पेशाब संबंधी परेशानी होने पर अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। इसके 10 माह बाद फिर परेशानी होने पर मथुरादास माथुर अस्पताल में ऑपरेशन कराया। पीड़ित का आरोप है कि अब तक उसके करीब आठ ऑपरेशन हो चुके हैं, लेकिन यूरिन संबंधी समस्या आज भी है। उन्होंने आरोपी चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है।

जोधपुर में पांच दिन बसों और ट्रकों की एंट्री बंद

जूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर में दीपावली पर रोशनी देखने वाले शहरवासियों और टूरिस्टों को लेकर नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत शहर में ट्रक और डंपर समेत बस और रोडवेज बसों की एंट्री बंद रहेगी। शहर में केवल उन गाड़ियों को परमिशन मिलेगी, जो शहर में माल खाली करने या भरने आएंगे। इसमें भी केवल बिल्टी दिखाने पर ही एंट्री दी जाएगी। जोधपुर ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त के अनुसार ये व्यवस्था 6 से 11 नवंबर तक लागू रहेगी।

श्रीराम कथा 13 से

जूम न्यूज • जोधपुर

12वीं रोड स्थित रामलीला मैदान में 13 से 19 नवंबर तक होने वाली श्रीराम कथा होगी। प्रभु प्रेमी संघ की ओर से हजारों श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और संतों को आमंत्रण पत्रिकाएं वितरित की जा चुकी हैं।

एडीआरएम ने जोधपुर-जालोर रेलखंड का निरीक्षण: विकास कार्यों का किया अवलोकन



जूम न्यूज • जालोर

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को जोधपुर-लूनी-समदड़ी-जालोर रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल परिचालन की संरक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ जालोर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए गए विकास कार्यों एवं यात्री सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर समदड़ी रेलवे स्टेशन पर रेलकर्मियों के लिए संरक्षा सेमिनार का भी आयोजन किया गया।

जालोर तक फुट प्लेट निरीक्षण

रेल परिचालन में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम ने जोधपुर से जालोर तक फुट प्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल खंड में ट्रैक, सिग्नल, परिचालन व्यवस्थाओं एवं अन्य संरक्षा संबंधी पहलुओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेल संचालन में पूर्ण सतर्कता बरतने और निर्धारित संरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मोकलसर–बालवाड़ा रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या सी-24 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फाटक की संचालन व्यवस्था, संरक्षा मानकों एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेल संरक्षा के सभी नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने और आवश्यक सुधार कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

छात्र नेता सहित 3 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

जूम न्यूज • बिलाड़ा

पंचायत चुनाव विवाद के बाद हुए उपद्रव के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी सुनील चौधरी सहित तीन आरोपियों को गुरुवार को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर पुनः न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेजने के आदेश दिए।

भावी सरपंच चुनाव उपद्रव प्रकरण

मामले की जांच कर रहे एससी-एसटी सेल जोधपुर के डिप्टी एसपी एवं अनुसंधान अधिकारी अचलदान रतनू ने बताया कि पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने पर आरोपी सुनील चौधरी, नेमाराम और पुसाराम को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कांग्रेस पर्यवेक्षक बोले- भाजपा कर रही वोट चोरी:बूथ लेवल तक अभियान चलाएगी कांग्रेस, भाजपा को करेंगे बेनकाब

जूम न्यूज • पाली





पाली शहर के कांग्रेस भवन में गुरुवार शाम को वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक एवं विधायक मम्मन खान ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी करती है। सर्वे में हरियाणा महाराष्ट्र में कांग्रेस आगे थी लेकिन जब रिजल्ट आया तो नतीजा कुछ और ही था। भाजपा की यह वोट चोरी का षड़यंत्र अब लंबे समय तक नहीं चलेगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस एकजुट होकर इसका विरोध कर रही है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रही है। क्योंकि इन्होंने भाजपा के लिए काम किया और भाजपा की सरकार बनाने में मदद की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस बूथ लेवल तक यह अभियान चलाएंगी। चोपालों में ग्रामीणों से मिलकर पता किया जाएगा कि उनके गांव से कांग्रेस विचारधारा वाले कितने लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया है। ताकि उनका एक डाटा एकत्रित कर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह राजपुरोहित ने बताया- पाली में कांग्रेस की तैयारी पूरी है। बूथ लेवल पर अभियान चलाकर इसकी पूरी पड़ताल की जाएगी कि कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कितने लोगों के नाम काटे गए है और कहां पर गड़बड़ी की गई है। विधायक भीमराज भाटी ने कहा- भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। पाली निकाय चुनाव में भी उन्होंने कांग्रेस पार्षदों को खरीदने का काम किया। उन्हें दुबई घूमाने, पार्षद कॉलोनी बनाकर प्लॉट दे और 5 लाख की शॉपिंग करवाने जैसे प्रलोभन भी दिए गए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यालय के बाद प्रदेश सरकार का पुतला फूंक कर विरोध जताया। इससे पहले कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा कांग्रेसियों ने की। इस दौरान पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, नगर निगम महापौर प्रत्याशी सुमित्रा जैन सहित कई जने मौजूद रहे।

पाली शहर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च: त्योहारी सीजन में लिया सुरक्षा का जायजा



जूम न्यूज • पाली

दीपावली के त्योहार के मद्देनजर गुरुवार शाम पाली शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। मार्च को एएसपी ओमप्रकाश चौधरी ने लीड किया। पुलिस ने बताया- त्योहार को शहरवासी हर्षोल्लास के साथ मना सकें, उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसको लेकर जिला एसपी मोनिका सैन के निर्देश पर मार्च निकाला है।

शहर के सूरजपोल चौराहे से रवाना हुआ पुलिस का फ्लैग मार्च सोमनाथ मंदिर, धानमंडी, रूई कटला, पुराना बस स्टैंड, मंडिया रोड होते हुए श्रीपाल नगर पहुंचा। पूरे रास्ते पुलिस के जवानों के साथ सीओ सिटी मंगलेश चुंडावत, कोतवाल रविन्द्रसिंह खिंची सहित पुलिस के जवान मुस्तैदी से शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए चलते नजर आए। त्योहारी सीजन में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से यह फ्लेग मार्च निकाला गया।

बीकानेरः रोशनी से जगमगाया पंचशती सर्किल



जूम न्यूज • बीकानेर। शुक्रवार को धनतेरस की पूर्व संध्या पर शहर रोशनी से जगमगा उठा। पंचशती सर्किल पर की गई विशेष सजावट देखते ही बन रही थी। दीपावली उत्सव के तहत बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने टेंट व्यवसायियों के सहयोग से शहर के सभी प्रमुख चौराहों और सर्किलों को आकर्षक रूप से सजाया है। इस भव्य सजावट के कारण बाजारों की खूबसूरती में चार चांद लग गए हैं। खरीदारी के लिए उमड़ रहे शहरवासियों के लिए यह जगमगाहट आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

ब्रीफ न्यूज

बाड़मेर में फीस बढ़ोतरी के विरोध में ABVP का प्रदर्शन



जूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर में फीस बढ़ोतरी सहित तीन मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के बैनर तले विद्यार्थियों ने कॉलेज गेट के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्राचार्य बाहर आए और विद्यार्थियों की समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने कुलगुरु के नाम का ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा। प्राचार्य ने मांगों को विश्वविद्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों की प्रमुख मांग बढ़ी हुई परीक्षा फीस के आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की है। नगर मंत्री महिपाल सिंह राठौड़ ने बताया- जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (JNVU) में परीक्षा शुल्क प्रदेश के अन्य सरकारी विश्वविद्यालयों के मुकाबले करीब तीन गुना तक महंगा हो गया है। विश्वविद्यालय ने एक सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क बढ़ाकर 2,970 रुपए और सालाना शुल्क 5,940 रुपए कर दिया है। वहीं, बीकानेर विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क मात्र 700 रुपए है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन साल में परीक्षा शुल्क में करीब 393 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, 2 घायलः झुंझुनूं रेफर

जूम न्यूज • झुंझुनूं

झुंझुनूं के मलसीसर कस्बे के मंड्रेला रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को उपचार के लिए मलसीसर उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए झुंझुनूं रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गोखरी निवासी अनिल (19) पुत्र रामस्वरूप और रौनक (18) पुत्र रोहिताश बाइक पर सवार होकर मंड्रेला रोड स्थित पेट्रोल पंप की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी बाइक की एक कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से दोनों युवक घायल हो गए।

सफाई विवाद में हंगामा; पार्षद से हाथापाई, कोतवाली पर धरना

जूम न्यूज • श्रीगंगानगर

नमिता सेठी का आरोप है कि वार्ड में हुई घटना के बाद वह समर्थकों के साथ कोतवाली थाने पहुंचीं। वहां परिवाद देते हुए अमन व उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस मुकदमा दर्ज करने से बचती नजर आई। इस पर समर्थकों के साथ थाना परिसर में ही धरना लगाना पड़ा। सेठी ने बताया कि एक दिन पहले ही वार्ड की गली नंबर 4 में सफाई का काम करवाया गया था। बुधवार रात गली के कुछ लोग घर आए। उन्होंने पुलिया ठीक नहीं होने की वजह से पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत और समाधान की मांग की। इस पर नगर परिषद के एचओ देवेंद्र राठौड़ से बात कर एक जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली मंगवाई गई। गली में जेसीबी ने काम शुरू किया ही था कि अमन बीच में बोल पड़ी। अमन ने कहा कि आप यहां क्यों आई हैं। एक माह से कहां थीं। इस पर सेठी ने कहा कि जनप्रतिनिधि के तौर पर वार्ड में सफाई व विकास करवाना मेरी जिम्मेदारी है। इस पर अमन व उसका पति तेज आवाज में बोलने लगे। धक्के मारने लगे। मारपीट की। इस पर वार्ड के लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। दूसरे पक्ष से अमन का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। पार्षद सेठी ने पहले झगड़ा शुरू किया।

बीकानेर की 3 पंचायत समितियों में 88% से ज्यादा वोटिंगः जालबसर में मतपत्रों में गड़बड़ी

जूम न्यूज • बीकानेर



बीकानेर जिले की तीन पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में तीसरे चरण का मतदान शाम 6 बजे संपन्न हो गया। तीनों जगह 88 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। श्रीडूंगरगढ़ में सबसे ज्यादा 88.77 प्रतिशत, रीड़ी में 88.62 प्रतिशत और लूणकरनसर में 88.53 प्रतिशत मतदान हुआ। लूणकरनसर के हंसेरा में ग्रामीणों ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया। ग्रामीणों के अनुसार, एक महिला वोट डालने के लिए मतदान केंद्र के अंदर पहुंची, लेकिन उसका वोट नहीं था। ग्रामीणों ने महिला का वीडियो भी बनाया। इसे लेकर मतदान केंद्र के बाहर काफी देर तक हंगामा हुआ। वहीं, श्रीडूंगरगढ़ की जालबसर ग्राम पंचायत में मतपत्रों को लेकर विवाद हुआ। ग्रामीणों ने अधिकारियों को पत्र देकर शिकायत की कि चार-पांच मतपत्रों में नोटा के आगे प्रत्याशी का चुनाव चिह्न छपा हुआ था।

लूणकरनसर के हंसेरा में फर्जी वोटिंग का आरोप

लूणकरनसर के हंसेरा में फर्जी वोटिंग के आरोप लगे हैं। यहां ग्रामीणों ने एक महिला का वीडियो भी बनाया जो वोट करने के लिए अंदर पहुंची थी लेकिन उसका वोट नहीं था। वहीं मतदान केंद्र के बाहर भी काफी देर तक हंगामा किया गया।

उधर, श्रीडूंगरगढ़ की जालबसर ग्राम पंचायत में मतपत्रों को लेकर विवाद हुआ। यहां ग्रामीणों ने एक पत्र के माध्यम से इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की है। पत्र में लिखा है कि कुछ मतपत्रों में गड़बड़ी पाई गई है। जिसमें नोटा के आगे प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह था। ऐसे चार पांच मतपत्रों के आगे गड़बड़ी पाई गई।

पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में बीकानेर में जबरदस्त वोटिंग हुई। यहां श्रीडूंगरगढ़ की फाइनल वोटिंग का आंकड़ा अब तक स्पष्ट नहीं है लेकिन रीड़ी और लूणकरनसर में ये आंकड़ा 88 प्रतिशत से अधिक रहा। रीडी में 88.62 प्रतिशत वोटिंग हुई, वहीं लूणकरनसर में 53 प्रतिशत वोटिंग हुई। श्रीडूंगरगढ़ में भी कमोबेश इतनी ही वोटिंग हुई है। बामनवाली क्षेत्र में मतदान के लिए भारी मतदान हुआ। यहां मतदान करने के लिए सुबह से लोगों की कतारें लगी हुई थी। बड़ी संख्या में महिला पुरुष अपने साथ आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड लेकर पहुंचे। भीड़ के बाद भी मतदान शांतिपूर्ण तरीके हुआ।

खाना नही बनाने पर भाई को कुल्हाड़ी से मारा: कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

जूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर कोर्ट ने तीन साल पुराने भाई के मर्डर के आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। कोर्ट में 17 गवाह और 32 दस्तावेज और तीन आर्टिकल पेश किए। बहस के बाद अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-2 ने फैसला सुनाया है। दरअसल, नागाणा थानो इलाके के गंगावास हुडों की ढाणी गांव में 23 अगस्त 2024 को खाना बनाने की बात पर दो सगे भाइयों में आपसी कहासुनी हो गई।

विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई (भोमाराम पुत्र पूनमाराम) ने खाट पर सो रहे बड़े भाई (रेंवताराम) पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर, कान और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की बॉडी घर के बाथरूम में छिपा दी। हालांकि हमलावर भाई ने ही घटना की जानकारी सुबह पड़ोसियों और रिश्तेदारों को दी। जिसके बाद नागाणा में मामला दर्ज आरोपी रेंवताराम को 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। मामले में एमओबी और मोबाइल एफएसएल टीम को मौके पर भेजकर सबूत जुटाए गए। जांच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-2 बाड़मेर की न्यायधीश मीनाक्षी मीणा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी रेंवताराम पुत्र पूनमाराम निवासी गंगावास हुड्डों की ढाणी पुलिस थाना नागाणा को भारतीय न्याय संहिता के तहत दोषी करार दिया गया। कोर्ट ने आरोपी पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह का साधारण कारावास भुगतान पड़ेगा।

17 गवाह और 32 दस्तावेज बने आधार

अनुसंधान पूरा होने के बाद पुलिस ने रेवंताराम के खिलाफ मर्डर का आरोप प्रमाणित मानते हुए कोर्ट में आरोप-पत्र पेश किया गया। ट्रायल के दासैरान अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान करवाए गए। साथ ही 32 दस्तावेज और तीन आर्टिकल साक्ष्य के रूप में पेश किए गए। दोनों पक्षों की बहस सुनने और सबूतों को अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को मर्डर का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में राज्य पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजन मोहनलाल पूनड़ ने पैरवी की।

चिड़ावा में DTO का छापा, 26 ट्रैक्टर सीज किए, हरियाणा से लाकर बेचे

जूम न्यूज • झुंझुनूं

चिड़ावा कस्बे में गुरुवार को जिला परिवहन विभाग (DTO) ने ट्रैक्टरों की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने 2 ऑटोमोबाइल शोरूम पर छापेमारी की। दोनों जगहों से 26 ट्रैक्टर सीज किए। जांच में दोनों शोरूम के पास ट्रैक्टरों की बिक्री के लिए जरूरी ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं मिला। एक शोरूम पर हरियाणा से ट्रैक्टर लाकर राजस्थान में बेचे जाने का मामला भी सामने आया। विभाग ने सभी सीज ट्रैक्टरों के चेसिस नंबर ब्लॉक कर दिए हैं।

परिवहन विभाग की पहली कार्रवाई चिड़ावा में संचालित कौशिक ऑटोमोबाइल एजेंसी पर हुई। टीम ने यहां दस्तावेजों की जांच की तो बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के ट्रैक्टरों का बेचान किए जाने की अनियमितता सामने आई। जांच में यह भी पता चला कि हरियाणा से ट्रैक्टर लाकर यहां बिक्री की जा रही थी। विभाग ने मौके पर मौजूद 12 ट्रैक्टरों को संबंधित वाहन मालिकों के कब्जे में सीज कर दिया और नियमानुसार जुर्माना लगाया। टीम ने चिड़ावा स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा ट्रैक्टर के प्रतिष्ठान डीपी मोटर्स की भी जांच की। यहां भी ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं मिला। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव और नियमों की पालना नहीं होने पर विभाग ने 14 ट्रैक्टरों को अपंजीकृत मानते हुए सीज कर दिया।

मेडिकल स्टोर की आड़ में ड्रग्स तस्करी, 1 गिरफ्तार डिब्बे में छिपा रखा था, तौल के लिए मशीन भी रखी थी

जूम न्यूज • बालोतरा

बालोतरा पुलिस ने मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध मादक-पदार्थ तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 374.29 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक कांटा, दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। एसपी राजेश कुमार ने बताया- नशे को रोकने के लिए एएसपी हरफूलसिंह डीएसपी शिवनारायण चौधरी के सुपरविजन में बालोतरा थानाधिकारी हिंगलाजदान के नेतृत्व में टीम बनाई गई।

डीएसटी प्रभारी एसआई ओमाराम से सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड मेडिकल स्टोर पर अवैध मादक-पदार्थ छिपाकर रखा है। उसकी अवैध बिक्री की जा रही है। इस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। मेडिकल स्टोर पर खड़े व्यक्ति से नाम पूछा गया तो किशनलाल (20) पुत्र गोमाराम निवासी कानोड़, गिड़ा बताया। टीम ने किशनलाल की तलाशी ली गई तो उसकी जेब से प्लास्टिक की थैली में भरा हल्के काले रंग का तरल पदार्थ मिला। पूछताछ में अफीम का दूध होना बताया।

मेडिकल स्टोर की ली तलाशी

मेडिकल स्टोर की तलाशी लेने पर पीछे के हिस्से में रखे एक खाली कागज के डिब्बे में प्लास्टिक की थैली में भरा हल्के काले रंग का तरल पदार्थ एवं पास में एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अफीम का दूध तथा तौल कांटे को मादक-पदार्थ की नाप-तौल के लिए उपयोग करना स्वीकार किया। टीम ने किशनलाल की जेब से मिले अफीम के दूध का वजन प्लास्टिक थैली समेत 251 तथा मेडिकल स्टोर से मिले अफीम के दूध का वजन 123.29 ग्राम था। कुल 374.29 ग्राम अफीम दूध जब्त किया गया। टीम ने नाप-तौल में उपयोग में लिए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक काटा और 2 मोबाइल फोन जब्त किए है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

दिव्यांग बच्चों के बनाए दीपक-मोमबत्तियों को मिलेगा ब्रांडः सालभर बाजार में बिक्री, संभागीय आयुक्त बोले- मौका मिलना चाहिए, आत्मविश्वास बढ़ेगा

जूम न्यूज • बीकानेर

बीकानेर में दिव्यांग बच्चों के हाथों से तैयार दीपक और मोमबत्तियां अब सिर्फ दीपावली तक सीमित नहीं रहेंगी। इनके हुनर को ब्रांड के रूप में पहचान दिलाकर सालभर बाजार में उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। दिव्यांग सेवा संस्थान की ओर से आयोजित दीपावली मेले में पहुंचे संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने बच्चों के बनाए उत्पादों को देखा और उनकी क्रिएटिविटी की सराहना की। उन्होंने संस्थान के संस्थापक और सचिव जेठा राम के सालो से जारी सेवा कार्यों को भी प्रेरणादायक बताया।

मेले में बच्चों ने अपने हाथों से तैयार रंग-बिरंगे दीपक, मोमबत्तियां और कई तरह के हैंडमेड उत्पाद दिखाए। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा- दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें उचित अवसर, प्रशिक्षण और सम्मानजनक मंच देने की है। समाज को भी उनके बनाए उत्पाद खरीदकर प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े। उन्होंने जेठा राम की ओर से बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण, पुनर्वास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं।



दीपावली के बाद भी बाजार में मिलेंगे सामान

संस्थान की योजना बच्चों के बनाए उत्पादों को स्थायी ब्रांड पहचान दिलाने की है। इसके तहत दीपक, मोमबत्तियां, अगरबत्ती, रुई की बातियां और सजावटी सामान को व्यवस्थित तरीके से बाजार तक पहुंचाया जाएगा। उद्देश्य है कि इन उत्पादों की बिक्री केवल दीपावली के समय तक सीमित न रहे, बल्कि सालभर लोग इन्हें खरीद सकें। इससे बच्चों के हुनर को पहचान मिलेगी और संस्थान को भी आर्थिक मजबूती मिलेगी। उत्पादों की बिक्री से मिलने वाला सहयोग बच्चों के प्रशिक्षण, शिक्षा और पुनर्वास से जुड़ी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में मददगार होगा।



पूर्व जज की जांच कमेटी को हिंसा से जुड़ी याचिकाएं, वीडियो और शिकायतें जल्द सौंपी जाएं, साथ ही समिति एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा और पुलिस की कथित ज्यादती की जांच कर रही सुप्रीम कोर्ट की उच्चाधिकार प्राप्त समिति को अब तक पीड़ितों की बहुत कम शिकायतें मिली हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी गई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि शिकायतों और सबूतों की कमी के कारण समिति फिलहाल हिंसा को लेकर किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हिंसा से जुड़ी याचिकाएं, वीडियो और शिकायतें समिति को सौंपी जाएं। साथ ही समिति को समय-समय पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट पेश करने को कहा।

जंतर मंतर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त



कई बार शिकायतें मांगी गईं

समिति ने कोर्ट को बताया कि उसने 20 जुलाई को संसद की ओर निकाले गए मार्च के दौरान हुई हिंसा के संबंध में शिकायतें मांगने के लिए 149 अखबारों में नोटिस प्रकाशित कराए थे। इसके बावजूद उसे ऑनलाइन और व्यक्तिगत रूप से बहुत कम शिकायतें मिलीं। इसके बाद 21 अक्टूबर को फिर से शिकायतें मांगी गईं। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल और कार्यालय का पता भी दोबारा जारी किया गया।

जांच समिति में कौन-कौन?

जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला आदि शामिल हैं।

छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी दें

समिति को प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के आरोपों की जांच महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि वह नतीजों के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने गौर किया कि 31 अक्टूबर को समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट केवल एक 'स्टेटस रिपोर्ट' (स्थिति रिपोर्ट) थी, जिसमें अब तक किए गए कार्यों का विवरण था, लेकिन इसमें पुलिस की बर्बरता के आरोपों के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं दिया गया था। अदालत ने समिति से कहा कि वह अब तक मिले सभी दस्तावेजों और सबूतों की जांच करे और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगे। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि पैनल को अपनी जांच केवल पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों तक ही सीमित नहीं रखनी चाहिए।

सीजेपी नेताओं से भी की पूछताछ

सीजेपी के सह-संयोजक सौरभ दास और आशुतोष रंका, अक्टूबर में जंतर-मंतर पर हुए



विरोध-प्रदर्शन और कथित तौर पर बिना अनुमति कहीं घुसने के मामले में दिल्ली दोनों राजौरी गार्डन स्थित दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे। उन्हें विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान उनसे 70 सवाल किए गए। सीजेपी 7 को कोच्चि के राजेंद्र मैदान में प्रदर्शन करेगी। इसे 'जंतर-मंतर एट कोच्चि' नाम दिया है।

गृहमंत्री शाह ने पंजाब को दी कई सौगातें, कांग्रेस और आप सरकार पर किया बड़ा हमला

राहुल में बहस की हिम्मत हो तो आएं संसद में कर लें दो दो हाथ, घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालेंगे



एजेंसी ▶▶ करनाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करनाल में एक किमी की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा की। मंच से संबोधन करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है और देशवासी इसके ख़िलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। शाह क ने कहा कि आज हमारी भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का आखिरी दिन है। हमने एक जैसा उत्साह और भारी भीड़ देखी है। देश भर की सड़कों पर हमारे नेता प्रधानमंत्री के लिए जनता का जबरदस्त समर्थन देखने को मिला है। राहुल को 3 करोड़ घुसपैठियों की चिंता है, हम एसआईआर पर विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार हैं। हम घुसपैठियों को चुन चुनकर देश से बाहर निकालेंगे। राहुल बेकार की बातों को छोड़कर संसद में आएं और सारी चर्चा कर लें। दोनों दो दो हाथ कर लेंगे।

सम्मेलन के दौरान गृहमंत्री शाह ने 1857 के विद्रोह के वीरों के सम्मान में अंबाला छावनी में निर्मित 'शहीद स्मारक' का उद्घाटन किया, जलबेहड़ा-शाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का भी उद्घाटन किया।

कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ



करनाल में शाह ने किया ऐलान

देश की जनता ने राहुल और इंडिया गठबंधन को नकार दिया

शाह ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ नहीं है। हमारी एक एक रैली में हजारों लोग होते हैं। आपने कांग्रेस की रैली तो देखी होगी।

बिना एसआईआर लगातार हार रहा गठबंधन

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल को पता है कि वह हारने वाले हैं, इसीलिए अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआईआर प्रक्रिया को दोष देते हैं। 2014 में एसआईआर कहां था? तब भी तो आपका पूरी तरह से सफाया हो गया था। 2019 में एसआईआर कहां था? तब भी आप हार गए थे।

राहुल संसद चलने नहीं देते, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते

शाह ने कहा कि लोकतंत्र में संसद चर्चा का सर्वोपरि स्थान है। राहुल संसद चलने नहीं देते हैं, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। संसद में शोर-शराबा, बहिष्कार करने को कांग्रेस ने कल्चर बना दिया है। रोड पर भीड़ इकट्ठा करके अराजकता फैलानी है। कांग्रेस ने रैली के लिए एक नवंबर का दिन चुना। इस दिन 1984 में कांग्रेस ने सिख दंगे कराए। कत्ल किए।

अंबाला में नवनिर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया

करनाल के बाद शाह अंबाला छावनी पहुंचे। यहां पर शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। शाह ने सेक्टर-12 मॉल के पास से 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू की। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के दोनों तरफ केंद्रीय गृह मंत्री यहां से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पैदल चले।

ये रहा राहुल का रिकॉर्ड

2007 में राहुल कांग्रेस के महासचिव बने, तब कांग्रेस के 1200 विधायक थे। जब उपाध्यक्ष बने, तो 900 विधायक रह गए। अध्यक्ष बने, तो इनके विधायकों की संख्या 700 रह गई। भारत जोड़ो यात्रा निकाली, तो वो और भी कम होकर 600 रह गए।

नवीन ने गोरखपुर में किया 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की



गोरखपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। नवीन 4–5 नवंबर 2026 को दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर गोरखपुर में रहे। वहां उन्होंने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने योगी के साथ गोरखनाथ जाकर गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन किए। गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कोर कमेटी की बैठकों में हिस्सा लिया।

जौनपुर में बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी

यहां का किसान अन्नदाता ऊर्जादाता बन रहा



जौनपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसान न केवल खाद्य उत्पादक होंगे, बल्कि बिजली, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन के भी प्रदाता बनेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अंततः ऊर्जा निर्यातक राज्य बन सकता है। गडकरी ने मुंगरा बादशाहपुर में कहा कि हमारा किसान न केवल अन्नदाता होगा, बल्कि ऊर्जा, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन ऊर्जा का भी प्रदाता होगा।

सूरत में मंत्री राय ने साधा निशाना

कांग्रेस भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति बनाना चाह रही



सूरत। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चुनाव में हार के डर से भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है और 'विदेशी आकाओं' के इशारे पर काम कर रही है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

जयपुर में बोले मंत्री अश्विनी वैष्णव

राहुल सड़कों में फैसला कर रहे, अराजकता बढ़ा रहे



सूरत। केंद्रीय रेल मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत पदयात्रा की। रामलीला मैदान में वैष्णव ने कहा, कांग्रेस लोकतंत्र पर हमले कर रही रही। वह कह रही फैसले संसद में नहीं बल्कि सड़कों पर होंगे, जो अराजकता को बढ़ावा देता है।

राम माधव ने हैदराबाद में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

विपक्ष प्रधानमंत्री से मुकाबला करने में सक्षम नहीं



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम माधव ने हैदराबाद में भाजपा के राज्य कार्यालय (नांपल्ली) में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे चाहें तो सरकार विशेष सत्र बुलाकर सभी मुद्दों पर संसद में खुली बहस कर लें। वे प्रधानमंत्री से मुकाबला नहीं कर सकते।

सांसद संबित पात्रा का राहुल पर तंज

संसद में 5-6 मिनट भी नहीं बैठ पाते, बहस क्या करेंगे?



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल की प्रधानमंत्री के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। राहुल में संसद में लगातार 5-6 मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो संसद में 5-6 मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा।

प्रवक्ता भंडारी ने मान सरकार पर साधा निशाना

आप 'प्रश्नपत्र लीक माफिया' को बचा रही



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पंजाब में पीसीएस की मुख्य परीक्षा के नतीजों में कथित अनियमतता पर सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधते हुए उस पर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और प्रश्नपत्र लीक माफिया को बचाने का आरोप लगाया। इस दौरान पंजाब की मान सरकार पर बड़ा आरोप लगाया।

खबर संक्षेप

अयोध्या, काशी और मथुरा में बम धमाकों की धमकी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में बम धमाके करने की



धमकी से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अयोध्या कोर्ट की ई-मेल आईडी पर स्लेटर जॉन्सन के नाम से धमकी भरा मेल भेजा है। 8 को काली दिवाली की धमकी दी है।

चावड़ी बाजार में इमारत ढही, 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक निर्माणाधीन



तीन मंजिला इमारत का हिस्सा ढह गया। दमकल विभाग को सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर इस घटना की सूचना मिली थी। हादसे के समय 12 मजदूर काम पर थे।

बेंगलुरु में फैक्ट्री स्वामी ने कर्मी की हत्या की

बेंगलुरु। यहां फैक्ट्री मालिक ने 24



साल के कर्मचारी की कथित तौर पर बैट से पीटकर हत्या कर दी, मृतक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में काम करता था। मालिक की बेटी से प्यार करता था।

खेड़ा ने अरुणाचल-मणिपुर पर शाह को घेरा

गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, कुर्सी से चिपके मत रहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोटा भाई, गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, तो कुर्सी से चिपके क्यों बैठे हैं? 7 साल में देश के 3 करोड़ घुसपैठिए नहीं संभल रहे। 3 साल से मणिपुर नहीं संभल रहा। अब तो अरुणाचल प्रदेश भी नहीं संभल रहा। उन्होंने कहा कि पुलवामा हुआ, पहलगाम हुआ, लाल किले पर धमाका हुआ, देश की राजधानी के बिल्कुल बगल में 300 किलो आरडीएक्स मिला, आपके बस की नहीं है। छोड़ दीजिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर अपना मोबाइल सर्कस हैदराबाद से लेकर करनाल और देश के बाकी राज्यों में घुमाइए। गृह मंत्रालय का बेड़ा गर्क क्यों कर रहे हैं? उन्होंने तंज कसा कि बेचारे नितिन नवीन को आजाद कीजिए।

सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया

रेलवे मंत्रालय को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय को गुरुवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026' में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने प्रतिष्ठित 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया। मंत्रालय ने देशभर में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 15,868 रेलवे इमारतों की पहचान की है। अब तक कुल 12,495 इमारतों यानी चिह्नित इमारतों में से 79 प्रतिशत में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मंत्रालय ने 424 मेगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 351 मेगावाट क्षमता के छत आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 77 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की ओर से चिह्नित 39,135 इमारतों में से अब तक 25,984 में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं।



बागी टीएमसी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग

सीजेआई की पीठ ने दिए कई निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट के एक नेता की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने की मांग की थी कि वे बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं पर जल्द फैसला लें। सीजेआई सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने शोभनदेब चट्टोपाध्याय द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने का निर्देश दिया। पीठ ने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि वे इस मामले को सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच (खंडपीठ) के समक्ष रखें।

डिवीजन बेंच जल्द फैसला ले

पीठ ने आदेश दिया, हमें लगता है कि याचिकाकर्ता को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। हम इस स्तर पर इस याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को



हाई कोर्ट में उचित याचिका दायर करने की छूट देते हैं। हम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वे इस मामले को तत्काल विचार के लिए डिवीजन बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करें और जल्द से जल्द इस पर फैसला लें। पीठ ने गौर किया कि विधानसभा अध्यक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वे 8 जुलाई को दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 3 महीने के भीतर फैसला लें। चट्टोपाध्याय की ओर से पेश वकील ने कहा कि 5 माह में फैसला नहीं किया गया है।

चुनाव आयोग ने एसआईआर के संबंध में की अहम घोषणा

6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसएसआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इन राज्यों में पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट जोड़ा जाएगा, जिनके नाम अब तक शामिल नहीं हो पाए हैं। वहीं अगर किसी को सुधार की जरूरत है, तो उसके लिए भी ये प्रक्रिया सही होगी। राज्यों में 21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। एसएसआर अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन एवं दीव में किया जाएगा, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है।

21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी



राज्यों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने छूटे हुए, युवा या पहली बार मतदान करने वाले पात्र मतदाताओं के नामांकन हेतु एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए थे। केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 20 नवंबर तक होना चाहिए। ड्राफ्ट 30 नवंबर को प्रकाशित होगा। 30 नवंबर से 30 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय होगा।

कई राज्यों में हो रही एसएसआर

आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसएसआर का आदेश दिया था जहां एसआईआर पूरा हो चुका था। इसमें अंडमान और निकोबार बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बंगाल हैं।

आयोग को हाई कोर्ट का झटका

10 दिन में फिर से जोड़ें नाम

एसआईआर पर छिड़े सियासी संग्राम के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि वह एक परिवार के उन 6 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल करे, जिन्हें गोवा में एसआईआर के दौरान अंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की खंडपीठ ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला


शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि राहुल गांधी निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और उन्हें किसी समुदाय की चिंता उठाने का अधिकार है। अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर सवाल उठाना अपने आप में अपराध नहीं है। केवल शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने इस आधार पर सिखों के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान



की एकलपीठ ने फैसला सुनाया। तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने याचिका दायर की थी। उनका आरोप था कि राहुल ने सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान वर्जीनिया में कहा था कि भारत में सिखों के बीच असुरक्षा का माहौल है।



'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।

लाइफ Style

श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'ईथा' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ईधा' में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।



हॉलीवुड मसाला




11 साल की थी, तब कोकीन ऑफर की गई

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसके लिए मना किया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन इन दिनों अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। 'लोगन' फिल्म में छोटी उम्र में एक्स-23 का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।




ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिलस। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। क्यों विवियेने ने हटवाया सरनेम और क्या है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विवियेने से पहले उनके सिबलिंग्स जहरा मार्ले जोली और मैडॉक्स चिवन जोली की भी लीगल नेम बदलने की अपील सितंबर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने सोमवार को सुनवाई के बाद विवियेने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विवियेने ने 18 साल की होते ही 12 जुलाई को कोर्ट में नाम बदलने की अर्जी डाल दी थी।



'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद त्योहारों के चल रहे उत्साह का फायदा उठाना है। हालांकि, इवेंट शेड्यूल के बारे में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है।



'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गर्लफ्रेंड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में ड्रामा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब शो के प्रतियोगी यंग डीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने साथी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को खो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। यह सुनकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रही? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी 'पसंदीदा औरत' कहा है और बताया है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जाकिर खान और एजुकेटर डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल काफी मजाकिया और मस्तीभरा हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने विकास के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक क्लासरूम में मिले थे।इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर शो में मौजूद दर्शक भी हंस पड़े।



'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।




धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां दिवंगत अभिनेता सिनेमा की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक स्टाइल के लिए जानी जाती है, जहां गांव जैसा माहौल है। इसमें बैठने की एक बड़ी जगह और एक गर्म स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फॉर्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों फॉर्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों में फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में भावनात्मक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने कैप्शन दिया, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

इमरान हाशमी की 'गनमास्टर जी9' का मोशन-पोस्टर जारी, जेनेलिया संग जमेगी जोड़ी

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'गनमास्टर जी9' इस महीने सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी यह एक्शन-थ्रिलर है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसमें इमरान के साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य किरदार में हैं। फिल्म से अब तक कई गानों को जारी किया जा चुका है और अब निर्माताओं ने नया मोशन-पोस्टर रिलीज किया। इसमें अभिनेता की दमदार झलक के साथ धमाकेदार एक्शन होने का संकेत भी मिलता है।



आयुष्मान को टक्कर देने आएगी 'गनमास्टर जी9'

फिल्म का मोशन-पोस्टर इमरान के किरदार के गुस्सैल अवतार की एक झलक देता है। बैकग्राउंड में एक तीव्र संगीत को शामिल किया गया है। अभिनेता का डायलॉग भी शामिल है जिसमें वह कहते हैं, मेरे इश्क की दुनिया में आओगे तो इस दुनिया से जाओगे। अपारशक्ति खुराना भी 'गनमास्टर जी9' में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह 27 नवंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका सामना आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के साथ होगा।

'वी वर हियर' से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ीं

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा भारतीय शॉर्ट फिल्म 'वी वर हियर' से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ गई हैं। यह कॉमेडी फिल्म प्रणव भसीन ने निर्देशित की है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे लोग एआई के आने से अपनी नौकरी जाने की चिंता में जी रहे हैं, जो आजकल एक बहुत ही आम बात हो गई है। प्रियंका ने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला तो उन्होंने फौरन हां कर दी। उन्होंने इसे आज के समय के एक अहम मुद्दे पर ताजा और मजेदार नजरिए वाली फिल्म बताया है।



धर्मेंद्र को मां के किरदार में छोटी लगीं रोहिणी हट्टंगडी, देखते ही दी थी यह सलाह...

मुंबई। अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी ने पर्दे पर कई बड़े सितारों की मां का किरदार निभाया है, जबकि असल जिंदगी में वह उनसे उम्र में छोटी थीं। वह 'अग्निपथ' और 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन और 'हमसे ना टकराना' में धर्मेंद्र की मां बनी थीं। अब रोहिणी ने बताया कि धर्मेंद्र ने एक बार उन्हें ज्यादा मेकअप करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह उनकी मां का किरदार निभाने के लिए बहुत कम उम्र की लग रही थीं।

रोहिणी को बड़े उम्र के किरदार से नहीं पड़ा फर्क

रोहिणी ने बड़ी उम्र की भूमिकाओं में चुने जाने के बारे में बात करते हुए कहा, "इससे मुझे कभी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जब मैं कोई भूमिका निभाती हूं तो वह मेरे लिए एक भूमिका होती है। आप एक किरदार निभा रहे होते हैं। मैं सोचती नहीं हूं कि यह बड़ा है या छोटा है। मैं हमेशा किरदार के अनुसार अभिनय करती हूं। वहीं उन्होंने 'हमसे ना टकराना' के सेट पर धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात का किस्सा साझा किया।





'हमसे ना टकराना' साल 1990 में हुई थी रिलीज

दीपक बाहरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'हमसे ना टकराना' साल 1990 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रोहिणी और धर्मेंद्र के साथ-साथ जितेंद्र, अनीता राज, मिथुन चक्रवर्ती और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में रोहिणी ने धर्मेंद्र की मां का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काम करते समय रोहिणी सिर्फ 39 साल की थीं, जबकि उस समय धर्मेंद्र की उम्र 55 साल थी।

'जानी दुश्मन' से इस बार डर और दहशत फैलाने की तैयारी

मुंबई। भूमि पेडनेकर ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। इस बार दर्शक उन्हें डर और दहशत फैलाते दिखेंगे, क्योंकि उनकी नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है' का ऐलान किया गया है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। अरशद सैयद फिल्म के निर्देशन होंगे और इसका निर्माण टी-सीरीज व प्रभलीन संधू की ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर एक शांत महिला और उसके आसपास के डरावने माहौल को दर्शाता है। कहानी मां-बेटी के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित बताई जा रही है। कैप्शन दिया गया, 'डर तो बहुत देखा होगा, अब खौफ महसूस करने के लिए तैयार हो जाओ। इस परियोजना के लिए पैरानॉर्मल सीरीज 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' की क्रिएटिव टीम फिर साथ आई है। मशहूर अंतरराष्ट्रीय एक्शन और स्टंट निर्देशक पीटर पेड्रेरो भी इससे जुड़े हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज किया जाएगा।



ऐतिहासिक रहा रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कॅरियर

लीग फुटबॉल में खेलते आएंगे नजर



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर साल 2003 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने करीब 23 साल तक पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। रोनाल्डो ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और पुर्तगाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। हालांकि रोनाल्ड लीग फुटबॉल में खेलते नजर आएंगे। वह अल-नासर के लिए खेलते हैं।

पुर्तगाल के लिए खेले 234 मैच, किए 146 गोल

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसके साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। गोल करने के मामले में भी उनका कोई सानी नहीं है। रोनाल्डो ने इन मुकाबलों में 146 गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पुर्तगाल के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई।

रोनाल्डो ने कहा- मुझे अपने सफर पर गर्व है

रोनाल्डो ने कहा, आज मैं टीम के साथ मैदान पर अपने सफर का अंत कर रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मुझे अपने सफर पर गर्व है और इस बात का संतोष है कि मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। गोल बीत जाते हैं, ट्रॉफियां संग्रहालयों में रख दी जाती हैं और रिकॉर्ड टूट जाते हैं। लेकिन एक चीज है, जिसे समय कभी नहीं मिटा सकता और वह है लोगों के दिलों में हमारी जगह।

6 विश्व कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 से 2026 तक लगातार 6 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। वह 6 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। इतना ही नहीं, उन्होंने 6 अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया। रोनाल्डो ने विश्व कप में कुल 27 मुकाबले खेले और 11 गोल दागे। इसके अलावा उनके नाम 37 असिस्ट भी दर्ज किए हैं। हालांकि, तमाम व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद वह अपने करियर में विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीत सके।

कप्तान के तौर पर ऐसे रहे रोनाल्डो के आंकड़े

रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने 2016 में पहली बार यूईएफए यूरो कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम ने 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग की ट्रॉफी भी अपने नाम की। इस तरह रोनाल्डो ने पुर्तगाल को 3 बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 यूरो कप की जीत पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय मानी जाती है और रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

यूरो कप में 14 गोल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

रोनाल्डो का दबदबा यूरो कप में भी देखने को मिला है। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार हैं। रोनाल्डो ने यूरो कप के 30 मुकाबलों में 14 गोल दागे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह यूरो कप के लगातार 5 संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। उनकी यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लंबे और शानदार करियर की गवाही देती है।

विश्व चैंपियनशिप

मनु और सुरूचि फाइनल में नाकाम, भारतीय टीम ने जीता रजत



एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। दोनों खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने में भी नाकाम रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने 1738 अंक लेकर रजत पदक जीता जबकि चीन को 1745 अंक के साथ स्वर्ण पदक मिला। पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरूचि ने 158.3 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

चीन ने स्वर्ण व रजत हंगरी ने जीता कांस्य

चीन की जियांग रानशिन ने 242.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन याओ कियानशुन ने 242.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने 222.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेताओं ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी हासिल किए जबकि भारतीय निशानेबाजों को निराशा हाथ लगी।

खबर संक्षेप



प्रणवी चीन में संयुक्त 68वें स्थान पर

शेनझेन। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां अरामको चीन चैंपियनशिप 2026 के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त 68वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दो बर्डी और इतनी ही बोगी से पार का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जिनमें इंग्लैंड की एनाबेल फ्युलर और चार्लोट हीथ के अलावा चीन की लिकि झेंग शामिल हैं। इन तीनों ने आठ अंडर 65 का स्कोर बनाया।

त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की



अगरतला। त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से करारी शिकस्त देकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। ऑफ स्पिनर संदीप सरकार और तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने सात विकेट साझा कर त्रिपुरा की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। त्रिपुरा ने 342 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही सौराष्ट्र को 208 रन पर आउट कर अपने क्रिकेट इतिहास की यादगार जीत दर्ज की।

बंगाल को 10 विकेट से हराकर महाराष्ट्र ग्रुप सी में शीर्ष पर



कोलकाता। महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में बृहस्पतिवार को यहां ईडन गार्डन्स में बंगाल को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए। महाराष्ट्र ने सचिन धास (नाबाद 61) और कप्तान पृथ्वी साव (नाबाद 53) के अर्धशतक से 19.4 ओवर में ही बिना विकेट खोए 114 रन बनाकर 112 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस जीत से महाराष्ट्र के कुल 19 अंक हो गए हैं और वह बंगाल को पछाड़कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

वेलिंगटन के मैदान पर देखने मिलेगी बल्लेबाजों और गेंदबाजों की टक्कर

दूसरा वनडे कल, सीरीज में बढ़त बनाने भारत और बराबरी करने न्यूजीलैंड बेकरार

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। पहले मैच में भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में कीवी टीम की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने पर होंगी। वहीं, भारतीय टीम अपनी बढ़त को और मजबूत करना चाहेगी। वेलिंगटन में दोनों टीमों के आंकड़े जान लेते हैं।



वेलिंगटन में ऐसा रहा है दोनों टीमों का प्रदर्शन

भारत ने वेलिंगटन में अपना पहला वनडे साल 2003 में खेला था। उन्होंने यहां अब तक 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 2 मैच में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर 30 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 17 मैच में जीत मिली है। 11 मैच में उसे हार मिली है। 2 मैच में नतीजा नहीं निकला है।

ऐसी है वेलिंगटन की पिच रिपोर्ट

वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां ड्रॉप-इन पिच का इस्तेमाल होता है, जिस पर बल्लेबाजों को रन बनाने के अच्छे मौके मिलते हैं। हालांकि, नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकता है। इस मैदान पर मौसम और बारिश का भी अहम प्रभाव रहता है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में गेंद और बल्ले के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिल सकती है।

इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

इस मैदान पर न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने सबसे ज्यादा 9 पारियों में 67.57 की औसत से 473 रन बनाए हैं। वहीं, ब्रेंडन मैकुलम के बल्ले से यहां 20 मैचों की 17 पारियों में 427 रन निकले हैं। न्यूजीलैंड के सक्रिय बल्लेबाजों में किसी खिलाड़ी का यहां अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। भारत के लिए यहां अंबाती रायडू ने सबसे ज्यादा 2 पारियों में 110 रन बनाए हैं। विराट कोहली के बल्ले एक पारी में 82 रन निकले हैं।

इन गेंदबाजों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए टिम साउथी ने यहां सबसे ज्यादा 9 मैचों की 9 पारियों में 17.92 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। वहीं, डेनियल विटोरी ने यहां 21 पारियों में 22 विकेट अपने नाम किए हैं। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इस मैदान पर 5 पारियों में 5 विकेट चटकाए हैं। युजवेंद्र चहल, जहीर खान और मोहम्मद शमी ने इस मैदान पर वनडे क्रिकेट में भारत के लिए संयुक्त रूप से 5-5 विकेट लिए हैं।

तन्वी युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला



एजेंसी ▶▶| डकार (सेनेगल)

भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की 15 वर्षीय तन्वी ने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी। 54 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक के लिए होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। तन्वी ने ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। अब उनके पास स्वर्ण पदक जीतकर अपने यादगार अभियान को ऐतिहासिक बनाने का सुनहरा मौका है।

फाइनल में चीन की खिलाड़ी से मुकाबला

फाइनल में उनका सामना चीन की यी शिन झांग से होगा, जो मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन हैं। तन्वी और झांग के बीच अब तक केवल एक बार भिड़ंत हुई है। इस साल एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने आई थीं, जहां तन्वी को कड़े संघर्ष के बाद 18-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले ही मुकाबले में हारे ज्वेरेव जोकोविच भी पेरिस मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पुरुष टेनिस में विश्व नंबर एक की कुर्सी संभालने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव का शीर्ष रैंकिंग पर सफर हार के साथ शुरू हुआ। ज्वेरेव को बुधवार को पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में इटली के लोरेंजो मुसेटी के हाथों 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ज्वेरेव के बाद रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफायर खिलाड़ी रिंकी हिजिकाता ने 2-6, 6-3, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।



जोकोविच अच्छी शुरुआत के बावजूद हारे

दसवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने हिजिकाता के खिलाफ मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में दबदबा बनाए रखा। हालांकि, दूसरे सेट में 3-3 की बराबरी के बाद वह लगातार तीन गेम गंवा बैठे। इसके बाद सातवें गेम में उनकी सर्विस टूट गई। हिजिकाता ने एक बार फिर जोकोविच की सर्विस तोड़ी और उनके बैकहैंड शॉट के कोर्ट से बाहर जाने के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। चौबीस ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच को इस महीने के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीद कायम रखने के लिए पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचना जरूरी था।

अल्कराज सहित अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

सात बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 7-6, 6-3 से हराया। लगातार छठी जीत दर्ज करने वाले 23 वर्षीय अल्कराज के सामने अगले दौर में माटेओ बेरेटिनी की चुनौती होगी। सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो को फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस ने 6-3, 1-6, 7-6 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव को इग्नासियो ब्यूसे ने 6-4, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

अक्टूबर के लिए दीप्ति शर्मा हुई नामांकित

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के लिए भारत की दीप्ति शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा बांग्लादेश की सोभना मोस्तरी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड भी नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन, पाकिस्तान के अराफत मिन्हास और वेस्टइंडीज के शाई होप भी इस पुरस्कार की दौड़ में हैं। अक्टूबर में दीप्ति ने वडोदरा में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शतक (106*) लगाया था। यह उनके वनडे करियर का दूसरा शतक साबित हुआ था।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



यूईएफए चैंपियंस लीग में लीवरपूल को फेनरबाशे ने हराया

रीयल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे के निर्णायक गोल की बदौलत रीयल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एक बार फिर आखिरी क्षणों में बाजी पलटते हुए बुधवार को ईएफे एथेंस को 3-2 से हराया। लीवरपूल को रोमांचक मुकाबले में फेनरबाशे के हाथों 2-3 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने भी दो बार बढ़त गंवाने के बाद आरबी लाइपजिग को इसी अंतर से 3-2 से हराया। तो वहीं कोमो ने लेंस को 9-1 से रौंदकर बड़ी जीत दर्ज की। पिछले सत्र की उपविजेता आर्सेनल ने स्लाविया प्राग को 2-1 से शिकस्त दी।



मैड्रिड को दो बार पिछड़ना पड़ा

मैड्रिड को ऑल्विन एरिना में एईके एथेंस के खिलाफ दो बार पिछड़ना पड़ा, लेकिन वाल्वरडे ने 92वें मिनट में लंबी दूरी से शानदार गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मैड्रिड ने पिछले महीने रोमा के खिलाफ भी आखिरी समय में 4-3 से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में टीम ने अंतिम 10 मिनट में तीन गोल किए थे एईके की ओर से अबूबाकरी कोइटा ने पहले हाफ में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। जूड बेलिंघम ने बैकहील से गोल कर मैड्रिड को बराबरी दिला दी। मैच के 75वें मिनट में स्तावरोस पिलियोस ने मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही किलियन एमबापे ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद एमबापे का एक शॉट क्रॉसबार से टकराया, जबकि वाल्वरडे ने इंजरी टाइम में निर्णायक गोल कर दिया।

अन्य मैचों का ऐसा रहा जीत-हार का आंकड़ा

एर्लिंग हालांड ने आरबी लाइपजिग के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से जीत दिलाई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हालैंड ने मैच के 78वें मिनट में टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। प्रीमियर लीग चैंपियन आर्सेनल ने स्लाविया प्राग को 2-1 से हराया। नॉनी माद्उके और विक्टर ग्योकेरेस ने पहले हाफ में गोल कर आर्सेनल को बढ़त दिलाई। मेजबान टीम ने 90वें मिनट में एक गोल जरूर किया, लेकिन आर्सेनल ने जीत हासिल कर ली।

टासोस की हैट्रिक ने लेंस को हराया

टासोस डुविकास की हैट्रिक की मदद से सेस्क फाब्रेगास की कोमो टीम ने लेंस को 9-1 से करारी शिकस्त दी। नेपोली को पोर्टो के खिलाफ 1-4 से करारी हार झेलनी पड़ी। लीग चरण के चार मुकाबलों में नेपोली की यह तीसरी हार है। रविवार को उसे युवेंटस ने 2-0 से हराया था। युनान के युवा खिलाड़ी कोन्स्टेंटिनोस कारेत्सास के पहले गोल की मदद से 1997 की चैंपियन बोरुसिया डॉर्टमुंड ने रियल बेटिस को 2-1 से हराया।

पाक सेना की पीओके में फिर बर्बरता

प्रदर्शन कर रहे लोगों पर की फायरिंग, 7 की मौत, 23 से अधिक घायल

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

पाकिस्तान की सरकार और सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में क्रूरता की हदें पार करते हुए गुरुवार सुबह प्रदर्शन कर रहे लोगों को एक बार फिर लाशें बिछा दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब 8 बजे जब ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले लोग रावलकोट के शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे, तभी पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने अचानक बिना किसी चेतावनी के कार्रवाई शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने चारों तरफ से घेरकर निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध सीधी फायरिंग कर डाली।

करीब 8 बजे जब ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले लोग रावलकोट के शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे, तभी पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने अचानक बिना किसी चेतावनी के निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध सीधी फायरिंग कर डाली

पाक सेना ने रिहायशी इलाकों पर बरसाए ड्रोन

सुबह 8 बजे से 2 घंटे तक क्रूरता का तांडव



एआई इमेज

रावलकोट में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क बंद

ताजा कार्रवाई के बाद रावलकोट में हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। पूरे इलाके में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं ठप कर दी गई हैं ताकि पाकिस्तानी फौज के इस खूनी खेल की तस्वीरें और वीडियो बाहर की दुनिया तक न पहुंच सकें। चारों तरफ सेना की गाड़ियां गश्त कर रही हैं और जगह-जगह नाकेबंदी कर दी गई है। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर बुरी तरह डरे हुए हैं।

7 जून से अब तक 153 मौतें

आंकड़ों के मुताबिक, 7 जून से लेकर अब तक पाकिस्तानी सेना की बर्बरता में मरने वाले नागरिकों की संख्या 153 तक पहुंच चुकी है। हर बीते दिन के साथ पाकिस्तान का दमन चक्र और कड़ा होता जा रहा है। जब भी लोग अपने अधिकारों की मांग को लेकर आवाज उठाते हैं, इस्लामाबाद की शह पर सेना उनकी आवाजों को बंदूकों की गोलियों से दबा देती है। सड़कों पर लाशों के ढेर लग चुके हैं और पीओके का कोना-कोना अपनों के खून से लाल हो रहा है।

जेएएसी की 38 मांगें

दरअसल, ज्वॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) लंबे समय से अपनी 38 जायज मांगों को लेकर पूरे क्षेत्र में एक बड़ा आंदोलन चला रही है। इनमें लोगों को महंगी दर पर बिजली और राशन, सरकारी फिजूलखर्ची पर रोक और स्थानीय लोगों को उनके अपने संसाधनों पर हक देने और इस्लामाबाद का सीधा दखल खत्म करने की मांग की जा रही है।

पहली बार ड्रोन से किया हमला

रावलकोट के निवासियों ने आरोप लगाया है कि पाक सेना ने पहली बार लोगों पर हमले के लिए ड्रोन का सहारा लिया है। सिर्फ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के रिहायशी घरों को निशाना बनाकर ड्रोन से हमले किए हैं। स्थानीय नेता सरदार उमर नजीर ने खुद सामने आकर पाकिस्तान सेना की इस नीच करतूत का पर्दाफाश किया है। उन्होंने कथित ड्रोन हमले के बाद मौके से बरामद हुए बम और बारूद के जलते-सुलगते टुकड़े दुनिया के सामने रखे हैं। उन्होंने कहा कि ये कोई कानून व्यवस्था संभालने की कार्रवाई नहीं है, बल्कि पाकिस्तानी हुकूमत अपनी ही जनता के खिलाफ सीधी जंग छेड़ चुकी है और मासूमों के घरों को श्मशान बना रही है।

निर्दोषों के खून से रंग गई सड़क

पाकिस्तानी रेंजर्स, फ्रंटियर कॉर्प्स और पुलिस ने मिलकर प्रदर्शनकारियों पर गोलियों की बारिश कर दी। गोलियों का शोर इतना तेज था कि पूरा रावलकोट शहर सहम गया। सड़कों पर खून फैल गया। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

खबर संक्षेप

गंगोत्री हाईवे पर नदी में समाई कार, 4 की मौत

उत्तरकाशी। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह गंगनानी के पास भागीरथी नदी में इनोवा कार गिरने के



हादसे में अब तक 4 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वाहन में 7 लोग सवार थे। इनमें से एक घायल है और 2 लापता हैं। सभी यात्री गुजरात के साबरमती क्षेत्र के निवासी हैं और उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए जल पुलिस और गोताखोर नदी के तेज बहाव में सर्च अभियान चला रहे हैं। घायल पटेल वेदांत अशोकभाई (17), को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी लाया गया।

पटाखों के गोदाम में धमाका, 2 की मौत

नागौर। राजस्थान के नागौर जिले के बड़ली इलाके में गुरुवार सुबह पटाखों के गोदाम में हुए भीषण



विस्फोट में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में चचेरे भाई थे और नागौर शहर के बाजरवाड़ा इलाके के रहने वाले थे। धमाका इतना जोरदार था कि गोदाम की छत उड़ गई और आसपास के मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं। घटनास्थल से करीब 100 फीट दूर खड़ी बस के शीशे तक टूट गए। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है।

बारूदी सुरंग से टकराए 2 टैंकर, 1 टगबोट, लगी आग

तेहरान। ईरान के आईआरजीसी के अनुसार बुधवार रात होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी रास्ते से गुजरते समय एक



बड़ा तेल टैंकर बारूदी सुरंग (माइन) से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। वहीं, एक दूसरा सुपरटैंकर जलमार्ग के पूर्वी हिस्से से बाहर निकलते समय आग की चपेट में आ गया, और आग बुझाने के लिए भेजी गई एक टगबोट भी बाद में जलने लगी। ये अनधिकृत रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे बारूदी सुरंग से टकरा गए जिससे आग लग गई। इसी बीच, ईरान ने अमेरिका के दो 'लुकास' ड्रोन को अपने कब्जे में लेने का दावा भी किया है।

ट्रंप ने अपने करीबी सलाहकारों से मांगी सलाह

मध्यावधि चुनाव में हार के बाद ट्रंप प्रशासन में बड़े फेरबदल की अटकलें

विदेश मंत्री रुबियो की जगह लेंगे सर्जियो गोर! पीट हेगसेथ की रक्षा मंत्री पद से होगी रवानगी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को मिली हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में बड़े बदलावों की अटकलें तेज हो गई हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अमेरिका के राजदूत और ट्रंप के करीबी सर्जियो गोर को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा है। उन्हें सरकार में किसी वरिष्ठ पद पर नियुक्त किया जा सकता है। रिपोर्ट में 10 लोगों के हवाले से बताया गया है कि गोर अधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हासिल करना चाहते हैं। मामले से जुड़े एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गोर ऐसी भूमिका चाहते हैं, जिसमें उनकी सार्वजनिक मौजूदगी ज्यादा हो।

रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी बढ़ी कलह

गोर का नाम व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उत्तराधिकारी के तौर पर भी सामने आया है। इसके अलावा, वह विदेश विभाग में उप विदेश मंत्री क्रिस लैंडौ की जगह लेने जैसे दूसरे वरिष्ठ पदों पर भी विचार कर सकते हैं। बता दें, सर्जियो गोर पहले व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सहयोगी के तौर पर काम कर चुके हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी माने जाते हैं।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गोर ऐसी भूमिका चाहते हैं, जिसमें उनकी सार्वजनिक मौजूदगी ज्यादा हो। गोर का नाम व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उत्तराधिकारी के तौर पर भी सामने आया है। इसके अलावा, वह विदेश विभाग में उप विदेश मंत्री क्रिस लैंडौ की जगह लेने जैसे दूसरे वरिष्ठ पदों पर भी विचार कर सकते हैं


डोनाल्ड ट्रंप


सर्जियो गोर


मार्को रुबियो


पीट हेगसेथ

खबर पूरी तरह बकवास: गोर

हालांकि, सर्जियो गोर और अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों ने इन खबरों को खारिज किया है। गोर ने एक बयान में कहा कि यह खबर पूरी तरह और बिल्कुल बकवास है। उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तारीफ करते हुए कहा कि सेक्रेटरी मार्को रुबियो ने साबित किया है कि वह इतिहास के सबसे योग्य, उपलब्धियां हासिल करने वाले और महान विदेश मंत्री हैं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वह मेरे प्रिय मित्र हैं और भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में हर दिन उनके साथ काम करना मेरे लिए खुशी की बात है। यह जीवन का एक सच्चा सम्मान है। मुझे किसी दूसरी भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी इस रिपोर्ट को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि गोर की किसी दूसरे पद में रुचि नहीं है।

हार का प्रमुख कारण ईरान से युद्ध

वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के कारणों में सबसे प्रमुख ईरान युद्ध को बताया जा रहा है। यही वजह है कि ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं और उन्होंने इसके लिए अपने सलाहकारों से सलाह मांगी है। हालांकि, हेगसेथ को पद से हटाने को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। मध्यावधि चुनाव में नुकसान से पहले भी विपक्षी सांसद हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग कर चुके हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी को कांग्रेस के दोनों सदनों में मजबूत बहुमत मिलने के बाद हेगसेथ पर संसदीय दबाव बढ़ने और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू होने की संभावना भी बढ़ गई है।

ट्रंप और व्हाइट हाउस ने दावों को किया खारिज

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या हेगसेथ टेनेसी की खाली सीनेट सीट भरने के लिए सीनेट में जा सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगर वह ऐसा करते हैं तो वह काफी लोकप्रिय होंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने भी रक्षा मंत्री के पद पर किसी तरह के खतरे की अटकलों को खारिज किया है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रपति को मंत्री हेगसेथ पर पूरा भरोसा है। केली ने ईरान और वेनेजुएला में प्रशासन की सैन्य कार्रवाइयों का भी बचाव किया। साथ ही उन्होंने पिछले प्रशासन की ओर से शुरू की गई विविधता और समानता से जुड़ी पहलों को खत्म करने के हेगसेथ के प्रयासों की सराहना की।

शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बढ़ा दबाव

व्हाइट हाउस के अधिकारियों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद सेना के शीर्ष अधिकारियों पर भी दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन को भी ईरान युद्ध के संबंध में उनकी सलाहकारी भूमिका को लेकर संसद और जनता के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हेगसेथ की जगह ले सकते हैं ये नेता

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीट हेगसेथ की जगह लेने वाले नामों पर भी चर्चा शुरू हो गई है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस इस पद के संभावित उम्मीदवारों में शामिल हैं। माना जा रहा है कि डीसैंटिस का नाम सीनेट से मंजूरी हासिल कर सकता है। वह पांच जनवरी को अपना गवर्नर पद छोड़ने वाले हैं। ऐसे में उनके कार्यकाल के खत्म होने के बाद रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने की संभावना जताई जा रही है।


राष्ट्रपति हर्जोग विभिन्न दलों से चर्चा करते हुए

इजराइल में सरकार बनाने की कवायद

दूसरे दिन भी राष्ट्रपति हर्जोग ने विभिन्न दलों से की बातचीत

- *4 सदस्यों का किसी को समर्थन नहीं देने का ऐलान*
- *3 सदस्यों ने अभी तक रुख स्पष्ट नहीं किया*
- *आइसनकोट के चुने जाने की अधिक संभावना*
- *26वीं संसद का पहला सत्र 10 नवंबर को होगा*

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

आम चुनाव के नतीजों में किसी भी दल या गठबंधन के स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संसद (नेसेट) के विभिन्न गुटों के साथ राजनीतिक परामर्श का दूसरा दिन शुरू कर दिया है। इन चर्चाओं का मकसद यह है कि देश की अगली सरकार बनाने वाला कौन सा नेता सबसे उपयुक्त है। ये औपचारिक बैठकें मंगलवार शाम को छोटे संसदीय गुटों के साथ शुरू हुई थीं।

जनादेश के लिए चर्चा

राष्ट्रपति हर पार्टी से पूछते हैं कि वे पीएम पद के लिए किस उम्मीदवार का समर्थन करते हैं। इसके आधार पर वे फैसला करते हैं कि किस राजनीतिक नेता को सरकार बनाने का पहला मौका (जनादेश) दिया जाए। उन्हें उस नेता को आमंत्रित करना होता है जिसके पास सरकार बनाने की सबसे अधिक संभावना हो।

आइसेनकोट के पक्ष में जुट रहे दल

दूसरी ओर, याशर, द डेमोक्रेट्स, बीयाचाद और राआम ने गठ आइसेनकोट का समर्थन करने की बात कही है। एविग्डोर लिबरमैन के नेतृत्व वाली यिसराएल बेतेनु पार्टी ने भी अगली सरकार बनाने के लिए आइसेनकोट को अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया है। यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म के 'देगेल हातोराह' गुट के चार प्रतिनिधियों ने किसी भी उम्मीदवार को समर्थन न देने की घोषणा की है, 'अगुदात यिसराएल' के बाकी 3 सदस्यों ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

5000 मिलियन यूएस डॉलर की मदद

गुयाना में भी शुरू होगा यूपीआई जयशंकर ने किए तीन एमओयू


राष्ट्रपति डॉ. अली और जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एंटीगुआ और बारबुडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चौगम) से इतर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और गुयाना के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, कृषि, बुनियादी ढांचे का विकास, डिजिटल तकनीक और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान भारत और गुयाना के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

विदेश सचिव मिसरी काठमांडू दौरे पर

नवंबर के अंत में भारत यात्रा पर आएंगे नेपाल के पीएम बालेंद्र


विक्रम मिसरी और पीएम बालेंद्र शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दो दिवसीय नेपाल यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह के साथ मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी की ओर से नेपाल के पीएम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय गतिविधियों और द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों में हुई प्रगति से भी अवगत कराया। इसके बाद मिस्री ने पीएम शाह को उनकी नई दिल्ली की आगामी यात्रा से जुड़े कदमों और संभावित परिणामों के बारे में बताया। मिसरी की यह यात्रा नेपाल के उनके समकक्ष और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर की गई है। बुधवार को दोनों विदेश सचिवों के बीच एक प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई।

उड़ान के दौरान दिशा बदलने में सक्षम

'क्वासी बैलिस्टिक प्रलय' मिसाइल का डीआरडीओ ने किया परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा तट के पास स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 11 बजकर 10 मिनट पर क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल उड़ान परीक्षण किया है।

इसकी मारक क्षमता लगभग 150 से 500 किमी तक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए संगठन, सैन्यबलों और उद्योग जगत के तमाम भागीदारों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की है।


प्रलय मिसाइल

उन्होंने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों से लैस ये मिसाइल उभरते हुए खतरों के खिलाफ सैन्यबलों की रणनीतिक तैयारियों, परिचालन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी।

रडार को चकमा देने में माहिर

क्वासी मिसाइल एक ऐसी मिसाइल होती है जिसमें न केवल बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल दोनों के गुणों का समावेश होता है। बल्कि वह उड़ान के दौरान अपनी पूर्व निर्धारित दिशा को अचानक बदल भी सकती है। जिससे दुश्मन के रडार या मिसाइल को नष्ट करने वाले हथियार उसका सही-सही पता नहीं लगा पाते।

सभी मानकों उतरी खरी

मंत्रालय के मुताबिक, परीक्षण के दौरान मिसाइल की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर चांदीपुर में मौजूद एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) पर तैनात किए गए निगरानी उपकरणों से कड़ी नजर बनाए रखी गई। अंत में मिले आंकड़ों से यह पुष्टि हुई कि प्रलय मिसाइल ने परीक्षण के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

रेसकोर्स स्टेशन के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा मामला

पूरा हुआ हस्तांतरण, वायुसेना ने सरकार को सौंपी 39.5 एकड़ भूमि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम आवास के आसपास की प्रमुख सरकारी जमीनों को वापस लेने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को भारतीय वायुसेना ने रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन स्थित कुल करीब 39.5 एकड़ सरकारी जमीन को केंद्र के जमीन विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) को औपचारिक रूप से सौंप दिया है। 'जैसा है-जहां है' की तर्ज पर जमीन हस्तांतरण की इस कवायद को अमलीजामा पहनाया गया है। वायुसेना द्वारा सौंपी गई जमीन का संबंध रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन के अंदर मौजूद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा हुआ है। जिसमें स्विमिंग पूल, गोल्फ कोर्स और कुछ अन्य खेल सुविधाएं मौजूद थी। यह पूरा इलाका प्रधानमंत्री का सरकारी आवास होने की वजह से सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों की वजह से केंद्र की अति-संवेदनशील श्रेणी में शुमार है। जिसकी वजह से यह निर्णय लिया गया है।

सार्वजनिक उद्देश्य से होगा इस्तेमाल

एलएंडडीओ ने मामले में वायुसेना से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की कुल 39.9 एकड़ जमीन की मांग की थी। जिसमें वायुसेना ने 39.5 एकड़ भूमि ही सौंपी है। भविष्य में एलएंडडीओ,



वायुसेना की संयुक्त टीमें कॉम्प्लेक्स की जमीन का वास्तविक आधार पर संयुक्त सर्वे करेंगी। जिससे जमीन की असली सीमा का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही इस बात की भी पुष्टि हो जाएगी कि कहीं कोई कमी पेशी तो नहीं रह गई है। वहीं, इस प्रकरण को लेकर सरकार का यह कहना है कि उसके द्वारा वापस ली गई जमीनों को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पीएम आवास के इर्द गिर्द मौजूद महत्वपूर्ण जमीनों को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने की सरकारी कवायद बीते कई महीनों से चल रही है। जिसमें अब तक दिल्ली रेस क्लब, जयपुर पोलो ग्राउंड को भी कब्जे में लिया जा चुका है। निकट भविष्य में दिल्ली जिमखाना क्लब जैसी अन्य संपत्तियों पर भी सरकारी कार्रवाई संभव है।

वरिष्ठता पर नहीं होगा असर, किसी भी सूरत में वापस नहीं ली जाएगी योजना

4 साल बाद सभी 75% अग्निवीरों को मिलेगा स्थायी नौकरी का मौका

रक्षा और गृह मंत्रालय के बीच उभरे मतभेदों ने कराया 'अग्निपथ' योजना में परिवर्तन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को सशस्त्र सेनाओं में बतौर अग्निवीर, जवानों की भर्ती के लिए बनाई गई 'अग्निपथ योजना' में किए गए बड़े बदलाव के ऐलान के बाद रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि किसी भी हालत में अग्निपथ योजना को वापस नहीं लेगा। मौजूदा बदलाव का उद्देश्य वर्ष 2022 में बनाई गई मूल योजना में एक दूसरी दो वर्ष की अतिरिक्त समय अवधि की विंडो को जोड़ना था। जिसकी मदद से 48 महीने के बाद सेनाओं से बाहर जाने वाले सभी 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी और सुरक्षित भविष्य की व्यवस्था की जा सके।


अग्निवीर जवान

31 दिसंबर 2026 कट ऑफ डेट

सरकार का ये फैसला अग्निवीरों के संभवतः पहले बैच (2023 से 2026 तक शामिल हुए शुरुआती 5 बैच) या 31 दिसंबर 2026 तक सशस्त्र सेनाओं में शामिल हो चुके अग्निवीरों पर ही लागू होगा।

पीएमओ में 6 घंटे चली थी बैठक

सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि 4 नवंबर को कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार ने इस फैसले को सार्वजनिक करने की जिम्मेदारी प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सौंपी थी। उससे एक दिन पहले पीएमओ में इस बाबत कैबिनेट में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव, अन्य जरूरी मुद्दों पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक भी हुई थी। जिसकी अध्यक्षता पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों ने की और उसमें रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। सभी पक्षों के बीच 6 घंटे वार्ता हुई।

कई चुनौतियों के बाद लिया यह निर्णय

इस बदलाव को लेकर पर्दे के पीछे सामने आए कई अन्य कारणों की भी भूमिका रही है। जिसमें से एक रक्षा, गृह मंत्रालय के बीच खासकर सेनाओं से बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए भविष्य में नौकरी को लेकर प्रदान की जाने वाली 20% आरक्षण की व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर सामने आ रही चुनौतियां मुख्य हैं।

प्रभावित नहीं होगी वरिष्ठता

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, सभी अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी नौकरी दी जाएगी। शुरुआती 4 साल बाद सबसे पहले 25% को इसका मौका मिलेगा। फिर बाकी बचे हुए 75% इस मौके का लाभ उठाएंगे। इस दौरान कोई तय सीमा नहीं होगी और अग्निवीरों का सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने की इच्छा, शारीरिक तंदुरुस्ती और अनुशासन बड़े मानक होंगे। 75% अग्निवीरों की वरिष्ठता भी सुरक्षित रहेगी। क्योंकि एक बार नियमित होने के बाद ये अपने ही बैच के जवानों के तुरंत बाद नियमित होंगे। जिसमें ये किसी भी बैच से कनिष्ठ नहीं माने जाएंगे। अग्निपथ योजना वापस नहीं ली जाएगी। अभी बदलाव के साथ इसमें दो साल की एक अतिरिक्त अवधि का समावेश किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in